**RADIANT ACADEMY**
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
**RADIANT ACADEMY**
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 26 | अंक : 80 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 11 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# चुनावी बांड पर SBI को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

## सुप्रीम कोर्ट ने कल (12 मार्च) तक मांगा डाटा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुनवाई के दौरान भारतीय स्टेट बैंक (SBI) को सुप्रीम कोर्ट से कड़ी फटकार लगी है। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट (SC) ने SBI को कल (12 मार्च) तक ही पूरी डिटेल देने का आदेश दिया है। साथ ही चुनाव आयोग को 15 मार्च तक सारा डाटा शाम 5:00 बजे तक अपलोड करने के लिए कहा है।

इससे पहले सुनवाई के दौरान SBI की तरफ से पेश हुए सीनियर वकील हरीश साल्वे ने जानकारी देने के लिए 30 जून तक का वक्त मांगा। सुनवाई के दौरान साल्वे ने कहा कि कोर्ट ने SBI को बॉन्ड की खरीद की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं, जिसमें खरीदारों के साथ-साथ बॉन्ड की कीमत जैसी जानकारी शामिल है।

साल्वे ने सुनवाई के दौरान कहा कि इसके अलावा राजनीतिक दलों का विवरण, पार्टियों को कितने बॉन्ड मिले यह जानकारी भी देना है, लेकिन समस्या यह है कि जानकारी को निकालने के लिए एक पूरी प्रक्रिया को उलटना पड़ेगा। SOP के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि बॉन्ड के खरीदार और बॉन्ड की जानकारी के बीच कोई संबंध ना रखा जाए. हमें यह बताया गया था कि इसे गुप्त रखना है। बॉन्ड खरीदने वाले का नाम और खरीदने की तारीख कोड की गई है, जिसे डिकोड करने में समय लगेगा।

### मुंबई में ही मौजूद हैं दोनों डीटेल्स तो परेशानी कहां?

SBI की याचिका पढ़ते हुए CJI ने कहा, आवेदन में आपने (SBI) कहा है कि सभी जानकारी सील करके एसबीआई की मुंबई मुख्य शाखा भेज दी गई। मुख्य शाखा में भुगतान की पर्चियां भी भेजी गईं। यानी दोनों विवरण मुंबई में ही हैं। लेकिन, हमने जानकारी का मिलान करने का निर्देश नहीं दिया था। हम तो सिर्फ यह चाहते थे कि एसबीआई डोनर्स की स्पष्ट जानकारी दे।

### सीलबंद लिफाफे खोलकर SBI को देना है विवरण

"सीजेआई ने SBI से पूछा कि वह फैसले का अनुपालन क्यों नहीं कर रहे हैं। FAQ में भी दिखाया गया है कि हर खरीद के लिए एक अलग केवाईसी है. जस्टिस खन्ना ने कहा कि सभी विवरण सीलबंद लिफाफे में हैं और आपको (SBI) बस सीलबंद कवर खोलकर विवरण देना है।

# एनडीए के एमएलसी उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन





**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्य के उपमुख्यमंत्री ब्रिजेश पाठक, उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उत्तर प्रदेश के मंत्री ओम प्रकाश राजभर और कई अन्य नेताओं की उपस्थिति सोमवार सुबह 10 एनडीए एमएलसी उम्मीदवारों ने उत्तर प्रदेश एमएलसी चुनावों के लिए नामांकन दाखिल किया।

उप्र विधान परिषद चुनाव में सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन है। भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने विधान भवन पहुंचे। यूपी में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने पहुंचे। एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा ने प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल विच्छेलाल राजभर को उम्मीदवार बनाया गया है।

सपा की ओर से तीन प्रत्याशी उतारे जाने की संभावना है। ऐसे में फिलहाल विधान परिषद चुनाव निर्विरोध होने की उम्मीद है।

विधान परिषद चुनाव के लिए जिन भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया उनमें डॉ. महेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, (शेष पृष्ठ-7 पर)

# भाजपा से बेहद खफा है निषाद पार्टी!

## कार्यकर्ताओं में आक्रोश, हाईकमान से करेंगे बात : डा. संजय निषाद



**नोएडा (एजेंसी)।** इस बार 400 पार का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार की तरह उत्तर प्रदेश में भी सीटों के बंटवारे पर घटक दलों का आक्रोश अब नजर आने लगा है। इसकी शुरूआत निषाद पार्टी ने कर दी है। पार्टी के सिंबल पर चुनाव का टिकट न दिये जाने पर निषाद पार्टी के मुखिया तथा कार्यकर्ता भाजपा से खासे नाराज हैं। निषाद पार्टी के अध्यक्ष डा. संजय निषाद भी अपने इस आक्रोश को रोक नहीं पाए।

डा. संजय निषाद ने कहा कि अन्य घटक दलों की तरह मुझे भी पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ने का मौका दिया जाए। इसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ता खासे नाराज हैं। मालूम हो कि भाजपा ने निषाद पार्टी को संत कबीरनगर की सीट दी है। जहां से निवर्तमान सांसद व डा. संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद चुनाव लड़ेंगे। लेकिन भाजपा अपने सिंबल पर उन्हें चुनाव लड़ाएगी।

मीडिया से बातचीत में उप्र के कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद ने कहा कि जब भाजपा ने अपना दल (एस), राष्ट्रीय लोकदल तथा एसबीएसपी को उनके सिंबल पर चुनाव लड़ने की अनुमति दी है तो निषाद पार्टी के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। (शेष पृष्ठ-7 पर)

# एक्वा मेट्रो को अब सभी स्टेशनों पर रोकने की तैयारी !



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच चलने वाली एक्वा मेट्रो ट्रेन के यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। अब पीक आवर्स के दौरान फास्ट ट्रेन सभी स्टेशनों पर ठहरेगी। इसके लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) द्वारा ट्रायल किया जा रहा है।

इस बाबत एनएमआरसी की प्रवक्ता निशा बाधवान ने बताया कि अभी ट्रायल चल रहा है। कब से पीक आवर्स में सभी ट्रेन हर स्टेशन पर ठहरेंगी। इसकी जानकारी बाद में अवगत करा दी जाएगी। मालूम हो कि अभी तक इस रूट पर सेक्टर-144, 145, 146 तथा 147 पर पीक आवर्स के दौरान फास्ट ट्रेन नहीं रुकती थी। इसका प्रमुख कारण इन स्टेशनों पर सवारियों का काम होना बताया गया था। इसके लिए एनएमआरसी प्रबंधन ने सुबह 8 से 11.00 तथा शाम को 5.00 से 8.00 बजे तक यानी (शेष पृष्ठ-7 पर)

# दो पक्षों में पथराव, तीन के फटे सिर

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र शहीद नगर बाल्मीकि बस्ती में दो पक्षों के बीच भारी बवाल के दौरान पत्थरबाजी हो गयी। घर के बाहर पूजा करने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे की तरफ से पथराव और लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष में तीन लोगों के सर फटे और एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल को ज़ीटीवी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि घायल युवक को वैलिडेटर पर रखा गया है और उसकी हालत बेहद नाजुक है। वहीं मौके पर पुलिस ने पहुंचकर दूसरी पार्टी के दो-तीन लोगों को गिरफ्तार किया और जांच में जुटी।

# महिलाओं ने क्रिकेट में दिखाया दम

## जीबीयू का रमाबाई अम्बेडकर छात्रावास रहा प्रथम स्थान पर



**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'शौर्योत्सव 2023-24' के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में 'इंटर-हॉस्टल महिला क्रिकेट मैच' का आयोजन किया गया। जिसका पहला मैच 05 मार्च, 2024 को रमाबाई अम्बेडकर महिला छात्रावास बनाम सावित्री बाई फुले महिला छात्रावास के बीच खेला गया, जिसमें रमाबाई अम्बेडकर छात्रावास की महिला टीम ने 17 रन के साथ जीत हासिल की। दूसरा मैच 7 मार्च, 2024 को रमाबाई अम्बेडकर महिला छात्रावास बनाम रानी लक्ष्मीबाई एवं छत्रपति साहूजी महाराज छात्रावास (संयुक्त) की टीम के बीच हुआ। जिसमें रमाबाई अम्बेडकर छात्रावास की टीम 30 रन से आगे रही तथा तीसरा फाइनल मैच अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन रमाबाई अम्बेडकर महिला छात्रावास बनाम महामाया महिला छात्रावास के बीच हुआ। जिसमें रमाबाई अम्बेडकर महिला छात्रावास की टीम 16 रन के साथ प्रथम स्थान पर रही।

शौर्योत्सव में पहली बार महिला क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ है, जिससे छात्राओं में बेहद उत्साह रहा। इस मैच में श्रेया चौधरी ने सबसे अधिक रन बनाने का खिताब हासिल किया है। महिला छात्रावास की मुख्य अभिरक्षिका डॉ. विदुषी शर्मा ने सभी टीम का हौसला बढ़ाया तथा रमाबाई अम्बेडकर महिला छात्रावास की अभिरक्षिका डॉ. रेनू यादव ने टीम को बधाई दी। खेल विभाग के अध्यक्ष डॉ. नगेन्द्र, खेल अधिकारी प्रदीप यादव तथा पी.टी. दिव्या ने छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन की प्रशंसा की।

# फ्लॉवर शो में समरविला स्कूल को ओवर ऑल ट्रॉफी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और फ्लोरीकल्चर सोसायटी द्वारा ग्रेटर नोएडा में आयोजित पुष्पोत्सव-2024 में समर विला स्कूल ने ओवरआल ट्राफी का खिताब जीता है। सिटी पार्क में 3 दिन तक आयोजित फ्लावर शो का रविवार को समापन हो गया। इस बार डहेलिया को इस फ्लावर शो का थीम फ्लावर बनाया गया था। पुष्प प्रदर्शनी में ग्रेटर नोएडा के स्कूलों इंस्टीट्यूट तथा रिसोर्ट आदि की टीमों ने हिस्सा लिया था।



ग्रेटर नोएडा के सिटी पार्क में 8 मार्च को प्रारंभ हुए पुष्प उत्सव-2024 में शहर की हरियाली, पार्कों की सुंदरता व (शेष पृष्ठ-7 पर)

# ठक-ठक गैंग के बदमाशों से मुठभेड़

**नोएडा (चेतना मंच)।** चेकिंग के दौरान थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस ने गाड़ियों का शीशा तोड़कर लैपटॉप व अन्य कीमती सामान चोरी करने वाले कुख्यात अंतरराज्यीय ठक-ठक गैंग के बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश घायल अवस्था में व 1 अन्य बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। इनसे चोरी की मोटरसाइकिल, 2 लैपटॉप व अवैध हथियार बरामद हुए हैं।

थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में देर रात पुलिस का ठक-ठक गैंग के दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश पैर (शेष पृष्ठ-7 पर)



# फसाड लाइटों से चमकेंगे शहर के अंडरपास!

## नोएडा प्राधिकरण ने 6 करोड़ के बजट को दी मंजूरी



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण की पूर्व सीईओ रितु माहेश्वरी द्वारा शहर को सुंदर बनाने की पहल पर अब नये सीईओ डा. लोकेश एम ने भी काम करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में 6 करोड़ की लागत से 6 अंडरपास में आकर्षक फसाड लाईटें लगाई जाएंगी। इसके लिए बजट भी मंजूर कर दिया गया है। ये अंडरपास सेक्टर-60, 33, 37, 71, 93 एवं सेक्टर-32 सिटी सेंटर हैं। इन अंडरपास में पेंटिंग का काम भी होगा।

अभी तक सेक्टर-61 एलिवेटेड रोड, फिल्म सिटी फ्लाईओवर, महामाया फ्लाईओवर आदि जगह फसाड लाइटें लगाने का काम पूरा किया जा चुका है। कुछ साल पहले एक-दो अंडरपास में भी ये लाइटें लगाई गईं थीं लेकिन सफल नहीं हुई। अब नए सिरे से फसाड लाइटें लगाने का निर्णय प्राधिकरण ने लिया है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-60, 33, 37, 71, 94 एवं सेक्टर-32 सिटी सेंटर आदि अंडरपास में पेंटिंग कर फसाड लाइटें लगवाई जाएंगी। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि इन जगह लाइटें लगाने के लिए टेंडर जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही जारी कर दिए जाएंगे। (शेष पृष्ठ-7 पर)


सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
**सरस्वती ग्लोबल स्कूल**
सेक्टर 22 नोएडा


फ़ोन .08750611103

# अनुच्छेद 370

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के साढ़े चार साल बाद प्रधानमंत्री मोदी पहली बार कश्मीर घाटी में गए, तो फिजाएं बदली हुई थीं। प्रधानमंत्री जम्मू और लद्दाख क्षेत्रों में जाते रहे हैं, लेकिन घाटी में पहुंचना उनके लिए भी चुनौती थी। बहरहाल अब 'जन्नत' का नैसर्गिक रूप खिल रहा है। कश्मीर घाटी मन और सोच से भाजपा-विरोधी रही है, लेकिन अब 'हम हिंदुस्तानी हैं', 'भारत माता की जय' के नारे बुलंद थे। असंख्य लोगों को एक स्वर में उद्घोष करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अक्सर राजनीतिक जनसभाएं प्रायोजित होती हैं, भीड़ को लाया जाता है, लेकिन टीवी चैनलों पर आम कश्मीरी के बोल सुने, तो एकबारगी लगा कि कश्मीर अब खुलकर सांस लेने लगा है। आतंकवाद की घटनाओं में 73 फीसदी की कमी आई है। नागरिकों की मौतें 81 फीसदी तक कम हुई हैं। अलगाववाद का खात्मा इसी से साफ है कि अब घाटी में दुकान, बाजार, फैक्टरी, स्कूल-कॉलेज आदि को बंद कराने वाली आवाजें खामोश हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं 'शून्य' हैं। शारदा मंदिर में इस बार दीपावली मनाई गई। सिनेमा हॉल खुल चुके हैं। दलितों, स्थानीय समुदायों को आरक्षण मिला है और महिलाओं के संवैधानिक अधिकार बहाल किए जा चुके हैं। कश्मीरी महिलाएं अपना जीवन-साथी 'गैर कश्मीरी' को भी चुन सकती हैं। औरतों को संपत्ति खरीदने की आजादी है। अब उनकी पैतृक संपत्ति में भी हिस्सेदारी तय है। अब कश्मीर में जी-20 की बैठकें हुईं, तो विदेशी प्रतिनिधियों ने नए कश्मीर को देखा और आनंद लिया। बीते साल 2 करोड़ से अधिक पर्यटक कश्मीर की हसीन, खूबसूरत वादियों का सुख लेने आए, तो सरकार ने 30 सालों के लिए पीपीपी मॉडल पर अपनी 11 संपत्तियों को आउटसोर्स करने की योजना बनाई। होमस्टे पर खास जोर दिया जा रहा है। चूंकि लोगों की आवाजाही खुली और बढ़ी है, तो डल झील का नूरानी सौंदर्य भी लौट आया है। कश्मीरी पश्मीना शॉल, साडियों और सलवार-कमीज जैसे वस्त्रों का निर्यात बहाल हुआ है। कश्मीरी कहवा और केसर के निर्याती बाजार भी खुल चुके हैं। जाहिर है कि अर्थव्यवस्था फलने-फूलने लगी होगी। कश्मीर घाटी अब देश की मुख्यधारा से जुड़ कर अनुच्छेद 370 का इतिहास और अतीत भूल चुकी है। किसी पारिवारिक सियासत का हिस्सा 370 अब भी होगा, लेकिन आम कश्मीरी का कोई विरोध नहीं है। उसे सिर्फ विकास और रोजगार की दरकार है। वह इससे खुश और देश से जुड़ा महसूस करता है कि 53 विकास योजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री ने घाटी में किया। गांव-गांव तक 10 फुट की सडकें बन रही हैं। करीब 25,000 खिलाडियों ने खेल मुकाबलों में हिस्सा लिया। कई खिलाड़ी तो राष्ट्रीय टीमों के सदस्य हैं। करीब 15 लाख परिवारों को 'पानी' मुहैया कराया गया। सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' फिजाओं में लहरा रहा है और भारत का संविधान, संसद द्वारा पारित किए गए कानून अब जम्मू-कश्मीर में भी प्रभावी और प्रासंगिक हैं। कश्मीर में दो एम्स खुल चुके हैं, जाहिर है कि स्वास्थ्य भी सरकार के लिए अहम सरोकार है। ये तमाम उपलब्धियां और बदलाव एक ही दौर की देन नहीं हैं और न ही किसी व्यक्ति-विशेष से जुड़ी हैं। यह बीते 10 साल का यथार्थ है, जो कश्मीर में अब मूर्त रूप ले रहा है। बेशक इनकी सूत्रधार भारत सरकार रही है और सर्वोच्च अदालत ने भी दखल देकर 370 की पेचीदगियों को खोला है। प्रधानमंत्री मोदी भी श्रेय के पात्र हैं, जिन्होंने ऐसी योजनाएं बनवाईं और उन्हें लागू करवाया। हालांकि आतंकवाद अब चंद इलाकों में सिमटा है।

# बॉन्ड बंद होने से चुनावों में बढ़ेगा काला धन

चुनावी बॉण्ड के विवरण को सार्वजनिक करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार के साथ चंदा देने वाले उद्योगपतियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। चुनावी बॉण्ड की खरीद के तहत सर्वाधिक चंदा भारतीय जनता पार्टी को मिला है। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने वित्त वर्ष 2022-23 में चुनावी बॉन्ड के जरिए करीब 1300 करोड़ रुपए का राजनीतिक चंदा जुटाया है। यह राशि इसी अवधि में चुनावी बॉन्ड के जरिए कांग्रेस को मिले चंदे की तुलना में सात गुना अधिक है। कांग्रेस को चुनावी बॉन्ड के जरिए 171 करोड़ रुपए की आय हुई जो वित्त वर्ष 2021-22 में 236 करोड़ रुपए से कम है। राज्य स्तर पर समाजवादी पार्टी को 2021-22 में चुनावी बॉन्ड के जरिए 3.2 करोड़ रुपए की आय हुई थी, लेकिन 2022-23 में उसे इन बॉन्ड के जरिए कोई धनराशि नहीं मिली। वहीं, राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त एक अन्य दल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) को 2022-23 में चुनावी बॉन्ड के माध्यम से 34 करोड़ रुपए मिले जो पिछले वित्त वर्ष से 10 गुना अधिक राशि है। ऐसा नहीं है कि एसबीआई के लिए बॉण्ड की जानकारी का खुलासा करना कोई बहुत कठिन काम हो। एसबीआई चाहे तो 24 घंटे में जानकारी को मुहैया करा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अर्जी दाखिल करके बॉण्ड की जानकारी सार्वजनिक करने के लिए 30 जून तक समय मांगा है। दरअसल इस बीच लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो जाएंगे। इसके बाद केंद्र की भाजपा सरकार को मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले चुनावी बॉण्ड का खुलासा होने पर सर्वाधिक समस्या बॉण्ड के रूप में चंदा देने वाले उद्योगपतियों और व्यवसायियों को आई। भाजपा को चूंकि सर्वाधिक चंदा मिला है, ऐसे में बॉण्ड के खरीददार कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के निशाने पर रहेंगे। विशेषकर जिन राज्यों में कांग्रेस और गैर भाजपा दलों की सरकारें हैं, उनमें बॉण्ड खरीददारों को सत्तारूढ़ दलों के कोपभाजन का निशाना बनना पड़ सकता है। राजनीतिक दुर्भावना की नीयत से इनके खिलाफ कार्रवाई करने में विपक्षी दल कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी और विपक्षी पार्टी के नेता पहले ही अडानी और अंबानी को घेरे हुए हैं। यही वजह है कि एसबीआई गले पड़ी इस मुसीबत को टालने के लिए 30 जून तक का समय मांग रही है। इस अवधि के बाद केंद्र की भाजपा सरकार को किसी बात का डर नहीं रहेगा। भाजपा को पूरी उम्मीद है कि फिर केंद्र में सरकार उसकी ही बनेगी। सरकार बनने के बाद भाजपा के बॉण्ड के खरीददारों को सुरक्षा देने में केंद्र सरकार कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। लेकिन इससे पहले यदि इनके नामों का खुलासा किया गया तो निश्चित तौर पर राज्यों के सत्तारूढ़ विपक्षी दल खरीददारों को बख्शेंगे नहीं। कारण



आज भाजपा सबसे ज्यादा बड़ी पार्टी है। यह निश्चित है कि केंद्र सरकार के चुनावों में काले धन के जरिए होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के प्रयासों को सुप्रीम कोर्ट के फैसले से झटका लगा है। कोर्ट के बॉण्ड के मामले में दिए गए आदेश के बाद राजनीतिक दल फिर से चुनावी चंदे के नाम पर उद्योपतियों की बांह मरोड़ने से बाज नहीं आएंगे।

स्पष्ट है कि भाजपा की तुलना में कांग्रेस को बेहद कम और अन्य दलों को अल्पमात्र चंदा मिला है। पिछले महीने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया था और एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जानकारी में नकदीकरण की तारीख और बॉण्ड के मूल्यवर्ग को शामिल किया जाना चाहिए और 6 मार्च तक चुनाव पैनल को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को आदेश दिया था कि वह इन बॉण्डों को जारी करना बंद कर दे और इस माध्यम से किए गए दान का विवरण चुनाव आयोग को दे। इसके बाद चुनाव आयोग से कहा गया कि वह इस जानकारी को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने माना कि काले धन से लडने और दानदाताओं की गोपनीयता बनाए रखने का घोषित उद्देश्य इस योजना का बचाव नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि चुनावी बॉण्ड काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र तरीका नहीं है। चुनावी बांड योजना 2018 में काले धन को राजनीतिक प्रणाली में प्रवेश करने से रोकने के घोषित उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था कि भारत में राजनीतिक फंडिंग की पारंपरिक प्रथा नकद दान है। उन्होंने कहा था, 'स्रोत गुमनाम या छद्म नाम हैं।' धन की मात्रा का कभी खुलासा नहीं किया गया। वर्तमान प्रणाली अज्ञात स्रोतों से आने वाले अशुद्ध धन को सुनिश्चित करती है। यह पूरी तरह से गैर-पारदर्शी प्रणाली है। गोपनीयता खंड पर, उन्होंने कहा था कि दानदाताओं की पहचान का खुलासा उन्हें नकद विकल्प पर वापस ले जाएगा। दानकर्ता की जानकारी गोपनीय रखने के लिए एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉण्ड की खरीद और भुगतान के संबंध में देशभर में अपनी 29 अधिकृत शाखाओं (जहां से पहले इलेक्टोरल बॉण्ड जारी होते थे) के लिए एक स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) तय किया था। इसमें कहा गया था कि गोपनीयता बनाए रखने के लिए इलेक्टोरल बॉण्ड खरीदने वाले के बारे में कोई भी ब्योरा यहां तक कि केवाईसी भी कोर बैंकिंग सिस्टम में नहीं डाली जाएगी। एसबीआई ने कहा है कि शाखाओं के जरिए खरीदे गए इलेक्टोरल बॉण्ड का ब्योरा केंद्रीयकृत ढंग से एक जगह नहीं रखा जाता। बॉण्ड खरीदने और उसके भुगतान की तिथि से जुड़ा ब्योरा दो भिन्न सिलोस में रखा जाता है। भारतीय स्टेट बैंक ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए चुनावी बॉण्ड का विवरण अब तक साझा नहीं किया है। इसकी डेडलाइन भी निकल चुकी है। स्टेट बैंक ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर एक आवेदन में स्टेट बैंक ने दलील दी कि प्रत्येक साइलो से जानकारी फिर से प्राप्त करना और एक साइलो की जानकारी को दूसरे से मिलाने की प्रक्रिया में समय लगेगा। चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई है। इस याचिका को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स ने दाखिल किया है।

दरअसल, एसबीआई को चुनावी बॉन्ड से जुड़ी जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को मुहैया करानी थी, लेकिन एसबीआई द्वारा यह जानकारी मुहैया नहीं कराई गई है। इस मुद्दे को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार और विपक्षी एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि जो पैसा बीजेपी को मिला, हम भी ये जानना चाहते हैं कि आपने इन पैसों से क्या किया? बीजेपी को अकेले 5000 करोड़ से ज़्यादा पैसा आया। एसबीआई इन तमाम बातों का खुलासा करे कि किस पार्टी ने कितना पैसा किसको दिया। इसके जवाब में मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि हम अभी भी यह मानते हैं कि यह सबसे ज्यादा पारदर्शी व्यवस्था थी। अगर कोई कहता है कि बीजेपी को ज्यादा पैसा मिला तो यह कुतर्क है, आज से 30-40 साल पहले हम अगर कहते कि कांग्रेस को ज्यादा पैसा मिला तो उसका क्या मतलब था। आज बीजेपी सबसे ज्यादा बड़ी पार्टी है। यह निश्चित है कि केंद्र सरकार के चुनावों में काले धन के जरिए होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के प्रयासों को सुप्रीम कोर्ट के फैसले से झटका लगा है। कोर्ट के बॉण्ड के मामले में दिए गए आदेश के बाद राजनीतिक दल फिर से चुनावी चंदे के नाम पर उद्योपतियों की बांह मरोड़ने से बाज नहीं आएंगे।

**-योगेंद्र योगी**
**स्वतंत्र लेखक**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि धनी लोग मलिन (नीच जाति के) होने पर भी कुलीन माने जाते हैं। द्विज का चिह्न जनेऊ मात्र रह गया और नंगे बदन रहना तपस्वी का। जो वेदों और पुराणों को नहीं मानते, कलियुग में वे ही हरिभक्त और सच्चे संत कहलाते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कबि बृंद उदार दुनी न सुनी। गुन दूषक ब्रात न कोपि गुनी॥**
**कलि बारहिं बार दुकाल परै। बिनु अन्न दुखी सब लोग मरै॥**

कवियों के तो झुंड हो गए, पर दुनिया में उदार (कवियों का आश्रयदाता) सुनाई नहीं पड़ता। गुण में दोष लगाने वाले बहुत हैं, पर गुणी कोई भी नहीं। कलियुग में बार-बार अकाल पड़ते हैं। अन्न के बिना सब लोग दु:खी होकर मरते हैं॥

**दो0-सुनु खगेस कलि कपट हठ दंभ द्वेष पाषंड।**
**मान मोह मारादि मद ब्यापि रहे ब्रह्मंड॥**

हे पक्षीराज गरुड़जी! सुनिए कलियुग में कपट, हठ (दुराग्रह), दम्भ, द्वेष, पाखंड, मान, मोह और काम आदि (अर्थात काम, क्रोध और लोभ) और मद ब्रह्माण्डभर में व्याप्त हो गए (छा गए) ॥101 (क)॥

**तामस धर्म करिहिं नर जप तप ब्रत मख दान।**
**देव न बरषहिं धरनी बए न जामहिं धान॥**

मनुष्य जप, तप, यज्ञ, व्रत और दान आदि धर्म तामसी भाव से करने लगे। देवता (इंद्र) पृथ्वी पर जल नहीं बरसाते और बोया हुआ अन्न उगता नहीं॥101

**अबला कच भूषन भूरि छुधा। धनहीन दुखी ममता बहुधा॥**
**सुख चाहहिं मूढ़ न धर्म रता। मति थोरि कठोरि न कोमलता॥**

स्त्रियों के बाल ही भूषण हैं (उनके शरीर पर कोई आभूषण नहीं रह गया) और उनको भूख बहुत लगती है (अर्थात वे सदा अतृप्त ही रहती हैं)। वे धनहीन और बहुत प्रकार की ममता होने के कारण दु:खी रहती हैं। वे मूर्ख सुख चाहती हैं, पर धर्म में उनका प्रेम नहीं है। बुद्धि थोड़ी है और कठोर है, उनमें कोमलता नहीं है॥

**नर पीड़ित रोग न भोग कहीं। अभिमान बिरोध अकारनहीं॥**
**लघु जीवन संबदु पंच दसा। कलपांत न नास गुमानु असा॥**

मनुष्य रोगों से पीड़ित हैं, भोग (सुख) कहीं नहीं है। बिना ही कारण अभिमान और विरोध करते हैं। दस-पाँच वर्ष का थोड़ा सा जीवन है, परंतु घमंड ऐसा है मानो कल्पांत (प्रलय) होने पर भी उनका नाश नहीं होगा॥

क्रमश:

# संस्कृति पर मंडराते संकट के बादल

जलेष्मेव जयमहे अर्थात जल में जीतना चाहिए। संस्कृत का यह ध्येय वाक्य विश्व की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी में शुमार करने वाले देश इंडोनेशिया की नौसेना का है। 'बुद्धि सर्वत्र भ्राजते' यानी बुद्धि सर्वत्र प्रकाशमान होती है। यह आदर्श वाक्य श्रीलंका के कोलंबो विश्वविद्यालय का है। थाईलैंड का राष्ट्रीय प्रतीक 'गरुड़' है। कोई भी राष्ट्र अपनी संस्कृति व परंपराओं से कितनी मोहब्बत करता है, थाईलैंड व इंडोनेशिया इसका उदाहरण हैं। दोनों देशों में अलग-अलग मजहब होने के बावजूद वहां के लोगों ने अपने पूर्वजों की हजारों वर्ष पुरानी सनातन संस्कृति का त्याग नहीं किया। इतिहास साक्षी है कि अपनी तहजीब को भूलने व विरासतों को नजरअंदाज करने वाले मुल्कों को अपना वजूद बचाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी है।

भारत का हमसाया मुल्क पाकिस्तान इसका उदाहरण है। अनादिकाल से ज्ञान व विज्ञान के शिखर को छूने वाला भारत अपने दार्शनिकों द्वारा स्थापित मानवता के सिद्धांतों तथा ऋषियों द्वारा रचित वैदिक साहित्य व आध्यत्मिक ज्ञान संपदा का वारिस रहा है। भारत के महान विचारकों व विद्वानों द्वारा स्थापित सिद्धांतों की बुनियाद पर ही भारतीय संस्कृति का अस्तित्व आज तक सुरक्षित है। हिंदोस्तान की सरजमीं से बर्तानिया बादशाही का निजाम सात दशक पूर्व रुखसत हो गया, परंतु पश्चिमी तहजीब व अंग्रेजों की कई रिवायतें भारत में आज भी कायम हैं। युवा वर्ग से लेकर उम्रदराज लोगों तक पश्चिमी तहजीब का खुमार हावी हो चुका है। भारतीय समाज की विविध परंपराओं, भाषा, खानपान, लिबास तथा शिक्षा व्यवस्था तक अंग्रेजी संस्कृति का वर्चस्व कायम हो चुका है। रोजमर्रा की कई विदेशी चीजें हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी हैं।

विदेशी कंपनियां देश के बाजारों को अपनी जद में ले चुकी हैं। विदेशी कोचों के बिना देश की खेल व्यवस्था अधूरी रहती है। जन्मदिन से लेकर शादी समारोह, शादी सालगिरह व त्योहारों तक विदेशी तहजीब की झलक देखने को मिलती है। मधुशालाओं में सजी शीशे की बोतलों में अंगड़ाई लेती आब-ए-तल्ख विदेशी कंपनियों की है। कई होटलों में नौजवानों का खैरमकदम करने वाली हुक्का बारों की नशीली महफिल तथा अमीरों के शहजादों से सजी व महंगे नशे के लिए कुख्यात रेव पार्टियों की बज्म-ए-अंजुम मगरिब की बेगैरत तहजीब का आईना है। इश्क-ओ-मोहब्बत का इजहार करने के लिए मगरिब की रंगत में रंगा वेलेंटाइन डे अजीब किस्म के लुत्फ से मनाया जाता है। मुल्क के निजाम पर हुक्मरानी करने वाली अफसरशाही की फितरत, नजरिया व शौक अंग्रेजों वाले हैं। पर्यटकों तथा बालीवुड के अदाकारों के लिए शूटिंग का लोकप्रिय डेस्टिनेशन पश्चिमी देश हैं। पश्चिमी संगीत के आगे पारंपरिक लोकगीतों व वाद्ययंत्रों की सरगम लुप्त हो रही है। शास्त्रीय संगीत अपने वजूद को तलाश रहा है। विदेशी खानपान के बढ़ते प्रचलन से पारंपरिक खाद्य व्यंजनों की लज्जत फीकी पड़ रही है। नववर्ष का जश्न अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार ही मनाया जाता है। समाज को सभ्य व संस्कारी बनाने के लिए हमारे वैदिक ऋषियों ने कई नियम, सिद्धांत व मर्यादाएं तय की थीं। हजारों वर्ष पूर्व तत्वज्ञानी आचार्य महर्षि 'श्वेतकेतु' ने कड़े परिश्रम से सनातन धर्म में विवाह संस्कार का मसौदा तैयार किया था।

> *बर्तानिया हुकूमत का सूर्यास्त होने के बाद यदि हिंदोस्तान के फलक पर मगरिब के बादल मंडरा रहे हैं तो इस तहजीब की वजाहत में बालीवुड ने एक मखसूस किरदार अदा किया है। भारतीय संस्कृति व संस्कारों को दूषित करने वाली पश्चिमी तहजीब सिनेमा के जरिए ही सामाजिक परिवेश में दाखिल हुई है।*

भारतवर्ष की घोषा, अपाला, सूर्या सावित्री, सुवर्चला व ब्रह्मवादिनी विश्ववारा जैसी विदुषी ऋषिकाओं ने भी विवाह प्रणाली की स्थापना के लिए वैदिक विवाह परंपरा को विधिवत स्वरूप देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। लेकिन विडंबना है कि मनुष्य के पुरुषार्थ व चरित्र निर्माण में अहम संस्कारों की बुनियाद रखने वाले सनातन के ध्वजवाहक महान आचार्य व ऋषिकाएं भारतीय इतिहास से गुम हो गए। वैदिक मंत्रोच्चार से अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे व सात वचनों से सम्पन्न सात जन्मों तक का बंधन निभाने वाले दिव्य संस्कार विवाह को अनुबंध के तौर पर माना जाने लगा है। संगीन जुर्म व अभद्रता का पर्याय बन चुकी लिव इन रिलेशनशिप तथा सभ्य समाज के लिए नामंजूर समलैंगिक विवाह जैसी बेमुरब्बत कुरीतियां पश्चिम की देन हैं। कन्या पूजन वाले देश भारत में बालिकाश्रम व अनाथालयों की संख्या बढ़ रही है। परिवार की शान रहे बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम में कयाम अंग्रेजी तहजीब का ही आयाम है। हालांकि जीवन में घनिष्ठ संबंध रखने वाले भारतीय संस्कृति के कई संस्कार वैश्विक स्तर पर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई देशों में लोग स्वस्थ रहने के लिए ऋषियों की विरासत योग, आयुर्वेद व शाकाहारी भोजन को अपनाकर भारतीय संस्कृति का अनुकरण बड़े अदब से कर रहे हैं। मानसिक शांति के लिए भारतीय दर्शन का अध्ययन व आध्यात्मिक ज्ञान का सहारा लिया जा रहा है। भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री 'ऋषि सुनक' भारतीय संस्कृति को पूरी निष्ठा से अपनाते हैं।

गत आठ फरवरी को पश्चिमी आस्ट्रेलिया से निर्वाचित भारतीय मूल के सांसद बैरिस्टर 'वरुण घोष' ने ऑस्ट्रेलियाई संसद में 'श्रीमद्भगवदगीता' पर हाथ रखकर शपथ लेकर विदेशी भूमि पर भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित किया। लेकिन भारत में सेकुलरवाद का नकाब धारण कर चुकी मौकापरस्त सियासत के चलते सभी भाषाओं की जननी संस्कृत तथा जगत प्रसिद्ध भारतीय संस्कृति अपने ही देश में उपेक्षित हो रही है। बर्तानिया हुकूमत का सूर्यास्त होने के बाद यदि हिंदोस्तान के फलक पर मगरिब के बादल मंडरा रहे हैं तो इस तहजीब की वजाहत में बालीवुड ने एक मखसूस किरदार अदा किया है। भारतीय संस्कृति व संस्कारों को दूषित करने वाली पश्चिमी तहजीब सिनेमा के जरिए ही सामाजिक परिवेश में दाखिल हुई है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर बेपरवाह बालीवुड भारतीय संस्कृति को आईना दिखाने से गुरेज नहीं करता। बहरहाल हजारों वर्ष पुराने लिखित साक्ष्यस्वरूप 'यजुर्वेद' के अनुसार 'सा प्रथमा संस्कृति विश्ववारा' अर्थात यह प्रथम संस्कृति है जो विश्वव्यापी है। अतः अपनी संस्कृति व संस्कारों पर गर्व होना चाहिए। अपनी महान संस्कृति को दरकिनार करके विदेशी तहजीब की नुमाइश करना आधुनिकता नहीं है।

**-प्रताप सिंह पटियाल**
**स्वतंत्र लेखक**

# राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : प्रतिपदा | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** मां का साथ होगा। भूमि भवन वाहन की खरीदारी होगी लेकिन गृह कलह भी हो सकती है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** पराक्रम रंग लाएगा रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोडा मध्यम, प्रेम संतान माध्यम, व्यापार सही चलेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबो में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान बहुत अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** जिस चीज की जरूरत होगी उसकी उपलब्धता होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम संतान थोड़ा अभी भी मध्यम चल रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** मन बेचैन रहेगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा परेशान कर सकती है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान ठीक-ठाक, व्यापार भी ठीक है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** राजनीतिक लाभ मिलेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगा। पिता का साथ होगा। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान बहुत अच्छा, व्यापार भी बहुत अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, समाज में सराहे जाएंगे, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान में सुधार हो चुका है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** शत्रुओं पर विजय मिलेगी। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चकरी की स्थिति अच्छी होगी। पारिवारिक स्ट्रक्चर सुधरेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** शत्रु नुकसान पहुंचने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं नतमस्तक होंगे और रुका हुआ आपका कार्य चल पड़ेगा स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा। प्रेम में नोकझोंक हो सकता है। संतान पक्ष से थोड़ी सी नोकझोंक हो सकती है।

# एसएफआई में 'सत्यम त्रिसिक 2024' का आयोजन

**नोएडा (चेतना मंच)।** सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट में वार्षिक स्नातक शो 'सत्यम त्रिसिक 2024' का आयोजन किया।




फैशन डिजाइन, टेक्सटाइल डिजाइन, लाइफस्टाइल एक्सेसरीज, फैशन कम्युनिकेशन और फैशन डिजाइन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में एम. डिजाइन, बी. डिजाइन के स्नातक छात्रों ने मिलकर शाम को एक यादगार इवेंट में बदल दिया। शो के निदेशक और कोरियोग्राफर अनुप बनर्जी और क्रिएटिव डायरेक्टर शोमेन बनर्जी की कोरियोग्राफी ने उन रचनात्मक 23 कलेक्शंस में अद्भुत सुंदरता जोड़ दी, जो शो के आयोजक डॉ. वंदना जागलान, प्रिंसिपल सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट, डॉ. नीतू मल्होत्रा उप-प्रिंसिपल, सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट के मार्गदर्शन में बनाए गए थे।

इस वर्ष के कलेक्शंस कलयुग-कर्म भूमि, व्हिम्सिकल वेवस, ट्वीड चार्म, द डिवाइन लिगेसी, स्वान द म्यूज, सेरेन्डिपिटी विद रस्ट, सेल्फ ट्रांसफॉर्मेशन, नक्श, सफायर सोरी, रीबर्थ ऑफ लीजेंड, मिडनाइट मैजिक, कलानेस्ट, कहान-द स्पेस स्टोरी, घूमर, फंकी इल्यूजन, एलीट एसेंस, एक्लिप्सिंग थ्रेड्स, ब्यूटी ऑफ लाइफ, बंजारा-द हिडन ट्रेजर, तिर-किट धा, ए डेनिम फ्यूज़न, 9 टू 9 वियर, ग्रंथी-द अनब्रेकेबल नॉट, में कुछ शानदार प्रेरणाएँ थीं और पेशेवर मॉडल बड़े उत्साह के साथ रैंप पर उतरीं।

एसजीआई की चेयरपर्सन स्नेह सिंह, एसजीआई सचिव सीए प्रदीप गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. वंदना जागलान, एसएफआई, वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीतू मल्होत्रा, ने स्नातक डिजाइनरों को संबोधित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में आईएएस स्पर्श गुप्ता, उप विकास आयुक्त, किशन गंज, बिहार, डॉ. अभय शंकरेगौड़ा, प्रो-वाइस चांसलर, स्वामी विवेकानन्द सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ, शशि नांगिया, अध्यक्ष, स्वाति एक्ज़िम, मुकेश शर्मा, अध्यक्ष, नोएडा हाट, किरण शर्मा, निदेशक आईटीई ग्रुप इंडिया, सोनिया जेटली, एफडीसीआई फैशन डिजाइनर, रवि कुमार पासी, अध्यक्ष, हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी संपन्न

**नोएडा (चेतना मंच)।** अंकुर साहित्य परिवार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन नोएडा सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में संपन्न हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित शारदा चतुर्वेदी, अध्यक्षा, भाजपा महिला मोर्चा, नोएडा महानगर ने सभी प्रतिभागी साहित्यकारों को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ अपर्णा प्रधान, नीलम हस्तीर, उषा मक्कड़ माणवी, सिम्मी सूद को अंकुर साहित्य शिरोमणि महिला सम्मान तथा एस के सूद पूजा 'मातो श्री' को अंकुर साहित्य श्रेष्ठ अवार्ड एवं सुनीता सोनू को श्रेष्ठ साहित्य संपादक सम्मान से नवाजा गया।

चंद्र स्वरूप बिसारिया, डॉ सुनील शर्मा, कुंतल शर्मा रतूड़ी, तृप्ति सिंह, डॉ आर के पाठक मयंक, मीनाक्षी शर्मा, रश्मि किरण, कवि राज शर्मा टेरी को को काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। गाजियाबाद के डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव 'शिखर' को साहित्यिक योगदान हेतु काव्य गौरव सम्मान तथा अंकुर काव्य शिरोमणि सम्मान दिया गया। धर्मपाल गांधी, तृप्ति सिंह तथा रश्मि अग्निहोत्री को अंकुर काव्य रत्न सम्मान से नवाजा गया।

इस अवसर पर धर्मपाल गांधी जी की पुस्तक हिंद की क्रांतिकारी बेटियां, तृप्ति सिंह की पुस्तक नारी मन के भाव, रश्मि विपिन अग्निहोत्री की पुस्तक मुस्कराता पतझड़ तथा साझा संग्रह उर्जिता, रामराज्य पदार्पण एवं बज्म ए हिंद का विमोचन मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा किया गया। धर्मपाल गांधी ने अपनी पुस्तक हिंद की क्रांतिकारी बेटियां पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।




मुख्य अतिथि को भी मुख्य संपादक निर्मेष त्यागी वत्स द्वारा अंकुर साहित्य परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त विशाल कार्यक्रम के संयोजन में अंकुर परिवार के मुख्य आयोजक निर्मेश त्यागी वत्स, संयोजक सुनीता सोनू, आयोजक रचना जैन रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित मिश्र यादवेन्द्र आर्य एवं मनीष जैन मौजी ने सफलतम प्रयास किए। कार्यक्रम का संचालन राजदीप सिंह ने किया।



सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट में आयोजित वार्षिक स्नातक शो सत्यम त्रिसिक में रैम्प पर जलवे बिखेरती मॉडल्स।

## महिला दिवस पर दौड़ प्रतियोगिता

**नोएडा (चेतना मंच)।** नेहरू युवा केंद्र गौतमबुद्धनगर के ब्लॉक दादरी के चिपियाना गांव में महिला दिवस पर फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला युवाअधिकारी स्निग्धा सिंह के निर्देशुसार द्वारा आयोजित किया गया। समाज में पुरुष और महिलाओं के बीच भेदभाव को मिटाकर समानता लाने के लिए प्रयास के लिए महिला दिवस मनाया जाता है। इसी के मददेनजर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितु देवी, द्वितीय प्रिया तथा तृतीय गीता देवी को पुरस्कार देकर टी-शर्ट, कैप, हाथ का बैंड और नेहरू युवा के द्वारा सभी विजेता को कप से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम स्वयंसेवक पूजा एवं आकाश द्वारा संचालित किया गया।









## संबंध-वच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ईश्वर पाल सिंह पुत्र श्री अमर सिंह निवासी ग्राम-पाली थाना-सरजपुर, जिला-गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरा पुत्र राहुल कुमार पुत्रवधू रजनी बाला का व्यव्हार ठीक नहीं है। मेरा पुत्र राहुल कुमार का गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ उठना बैठना है। राहुल व रजनी बाला आए दिन मेरे और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लड़ाई झगड़ा, गाली-गलौज करते हैं इसलिए मैं अपने पुत्र राहुल कुमार व पुत्रवधू रजनी बाला के गलत गतिविधियों से तंग व परेशान होकर राहुल व रजनी बाला से संबंध-विच्छेद कर अपनी समस्त चल-संपत्ति स बेदखल कर रहा हूं। आज के बाद राहुल व रजनी बाला किसी से लेनदेन करते हैं या उनके किसी भी कृत्य के लिए वह लोग खुद जिम्मेदार होंगे।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


## साहित्य व संगीत आदमी के परिष्कार का माध्यम हैं : रत्नाकर मिश्र




**मिर्जापुर (चेतना मंच)।** अचल जागृति मिशन के तत्वावधान में रमईपट्टी स्थित मंगलम वाटिका के सभागार में आयोजित 'कह दो दिल की बात' कार्यक्रम में नगर विधायक पं रत्नाकर मिश्र ने प्रतिभागियों को सम्मान पत्र वितरण करने के पश्चात कहा कि साहित्य व संगीत आदमी के लिए प्रेरणा का कार्य करते हैं। ये परिष्कार के माध्यम हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार गणेश गंभीर ने कहा साहित्य और संगीत एक सिक्के के दो पहलू की तरह हैं जरूरी हैं सही तरह से इनमें डूबकर प्रस्तुति की।

वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि साहित्य और संगीत की तरह जीवन भी लयबद्ध होना चाहिए। इसके साथ ही वरिष्ठ गीतकार लल्लू तिवारी, जाने माने लोकगीत गायक शिवलाल गुप्ता व सुपरिचित नवगीतकार शुभम श्रीवास्तव ओम ने भी विचार रखे। इस रंगारंग कार्यक्रम का संचालन कवयित्री इला जायसवाल ने बहुत रोचक व कुशलता से किया। प्रतियोगितात्मक इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत गायन एवं समूह गायन के साथ ही कविता, कहानी के प्रतियोगियों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। गायन में जहाँ वाद्ययंत्रों ने वातावरण को मधुर बनाया वहीं कविताओं व कहानियों ने वर्तमान समय की विसंगतियों को उजागर किया।

इस दौरान भाग लेने और उपस्थित प्रमुख लोगों में शनि राजा, संत लाल विश्वकर्मा, मीना जायसवाल, रमाशंकर सिंह यादव, ओमप्रकाश तिवारी, सुरेंद्र कुमार यादव, अमर नाथ सिंह, अशोक प्रेमी, गफ्फार नियाजी,सृष्टि राज, कृष्ण गोपाल वर्मा, डॉ सुधा सिंह, सारिका चौरसिया, मधु चौरसिया, मुकेश सिंह परिंदा, श्रुति जायसवाल, नंदिनी वर्मा, आनंद अमित, रंजना, मधु सैलानी आदि थे।

इस दौरान अचल जागृति मिशन के प्रबंधक व कार्यक्रम के आयोजक श्याम अचल ने कहा कि नई प्रतिभाओं का संस्था स्वागत करती है और मंच प्रदान करती है। कार्यक्रम की संयोजक पूजा यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हिंदू विवाह, परम्परा और रिवाज

## स्टेप बाई स्टेप प्रक्रिया और 7 फेरे के 7 वचन

**धर्मशास्त्रों के अनुसार हिंदू विवाह एक समझौता नहीं है। यह भोग विलासिता का साधन भी नहीं है। हिन्दू विवाह 16 संस्कारों में से एक धार्मिक संस्कार है। शास्त्रों के अनुसार विवाह आठ प्रकार के होते हैं। विवाह के ये प्रकार हैं- ब्रह्म, दैव, आर्श, प्राजापत्य, असुर, गन्धर्व, राक्षस और पिशाच। इसमें से ब्रह्म विवाह को ही धर्म शास्त्रों ने मान्यता दी है। वर्तमान में सभी हिंदू इसी विवाह पद्धिति को अपनाते हैं जिसमें स्थानीय संस्कृति के अनुसार उनके रीति रिवाज भले ही भिन्न हो।**

धर्मशास्त्रों के अनुसार हिंदू विवाह एक समझौता नहीं है। यह भोग विलासिता का साधन भी नहीं है। हिन्दू विवाह 16 संस्कारों में से एक धार्मिक संस्कार है। शास्त्रों के अनुसार विवाह आठ प्रकार के होते हैं। विवाह के ये प्रकार हैं- ब्रह्म, दैव, आर्श, प्राजापत्य, असुर, गन्धर्व, राक्षस और पिशाच। इसमें से ब्रह्म विवाह को ही धर्म शास्त्रों ने मान्यता दी है। वर्तमान में सभी हिंदू इसी विवाह पद्धिति को अपनाते हैं जिसमें स्थानीय संस्कृति के अनुसार उनके रीति रिवाज भले ही भिन्न हो।

**ब्रह्म विवाह क्या है :** दोनों पक्ष की सहमति से समान वर्ग के सुयोज्ञ वर से कन्या का विवाह उसकी समहित से निश्चित कर देना ब्रह्म विवाह कहलाता है। विवाह करके एक पत्नी व्रत धारण करना ही सभ्य मानव की निशानी है। शिव और पार्वती और श्रीराम और सीता ने इसी विवाह का पालन किया था।



### हिंदू अरेंज्ड मैरिज का सही तरीका:-

- हिन्दू धर्मानुसार विवाह एक ऐसा कर्म या संस्कार है जिसे बहुत ही सोच-समझ और समझदारी से किए जाने की आवश्यकता है।
- किसी भी लड़के या लड़की के विवाह योग हो जाने पर माता पिता उसके लिए योग वर या वधु ढूंढते हैं।
- दूर-दूर तक रिश्तों की छानबीन किए जाने की जरूरत है।
- पहले इस कार्य के हेतु रिश्तेदारों के अलावा किसी ज्योतिष और पुरोहित की मदद भी ली जाती थी।
- जब योग वर या वधु मिल जाते हैं तो नाड़ी दोष और मंगल दोष का मिलान किया जाता है।
- नाड़ी दोष और मंगल दोष का निवारण होने के बाद लड़के और लड़की की आपसी सहमति से रिश्ता तय होता है।
- रिश्ता तय होने के बाद तिलक की रस्म निभाई जाती है।
- तिलक की रस्म के 1 से 3 माह के अंदर सगाई की रस्म पूर्ण करते हैं।
- जब दोनों ही पक्ष सभी तरह से संतुष्ट हो जाते हैं तभी इस विवाह को किए जाने के लिए शुभ मुहूर्त निकाला जाता है।
- सगाई की रस्म पूर्ण होने के 3 माह बाद उचित मुहूर्त देखकर विवाह किया जाता है।

### मांगलिक दोष और नाड़ी दोष

मांगलिक दोष मात्र 20 प्रतिशत ही बाधक बन सकता है। वह भी तब जब अष्टमेश एवं द्वादशेश दोनों के अष्टम एवं द्वादश भाव में 5 या इससे अधिक अंक पाते हैं। मांगलिक के अलावा यदि अन्य मामलों में कुंडली मिलती है तो विवाह सुनिश्चित कर दिया जाता है। अत: मंगल दोष कोई बहुत बड़ी समस्या नहीं होती है। समस्या नाड़ी दोष ही है। यह माना जाता है कि नाड़ी मिलान नहीं होता है तो यह विवाह नहीं करना चाहिए।

### विवाह की रस्म

- वैदिक पंडितों के माध्यम से विशेष व्यवस्था, देवी पूजा, वर वरण तिलक, हरिद्रालेप, द्वार पूजा, मंगलाष्टकं, हस्तपीतकरण, वरमाला, मर्यादाकरण, पाणिग्रहण, ग्रंथिबन्धन, प्रतिज्ञाएं, प्रायश्चित, शिलारोहण, सप्तपदी, शपथ आश्वासन आदि रीतियों को पूर्ण किया जाता है।
- वर द्वारा मर्यादा स्वीकारोक्ति के बाद कन्या अपना हाथ वर के हाथ में सौंपे और वर अपना हाथ कन्या के हाथ में सौंप दे। इस प्रकार दोनों एक दूसरे का पाणिग्रहण करते हैं। यह क्रिया हाथ से हाथ मिलाने जैसी होती है। मानों एक दूसरे को पकड़कर सहारा दे रहे हों।
- कन्यादान की तरह यह वर-दान की क्रिया तो नहीं होती, फिर भी उस अवसर पर वर की भावना भी ठीक वैसी होनी चाहिए, जैसी कि कन्या को अपना हाथ सौंपते समय होती है। वर भी यह अनुभव करें कि उसने अपने व्यक्तित्व का अपनी इच्छा, आकांक्षा एवं गतिविधियों के संचालन का केन्द्र इस वधू को बना दिया और अपना हाथ भी सौंप दिया।
- दोनों एक दूसरे को आगे बढ़ाने के लिए एक दूसरे का हाथ जब भावनापूर्वक समाज के सम्मुख पकड़ लें, तो समझना चाहिए कि विवाह का प्रयोजन पूरा हो गया।
- इसके बाद 7 वचनों के साथ ही सात फेरे लिए जाते हैं।

### क्यों करते हैं ब्रह्म विवाह

मनुष्य के ऊपर देवऋण, ऋषिऋण एवं पितृऋण- ये तीन ऋण होते हैं। यज्ञ-यागादि से देवऋण, स्वाध्याय से ऋषिगण तथा उचित रीति से ब्रह्म विवाह करके पितरों के श्राद्ध-तर्पण के योग्य धार्मिक एवं सदाचारी पुत्र उत्पन्न करके पितृऋण का परिशोधन होता है। इस प्रकार पितरों की सेवा तथा सदधर्म का पालन करने की परंपरा सुरक्षित रखने के लिए संतान उत्पन्न करना विवाह का परम उद्देश्य है। यही कारण है कि हिन्दू धर्म में ब्रह्म विवाह को एक पवित्र-संस्कार के रूप में मान्यता दी गयी है।

# विवाह के 7 फेरे के 7 वचन



**विवाह के समय पति-पत्नी अग्नि को साक्षी मानकर एक-दूसरे को सात 7 वचन देते हैं। इसे सप्तपदी कहा जाता है।**

**1. तीर्थव्रतोद्यापन यज्ञकर्म मया सहैव प्रियवयं कुर्या: वामांगमायामि तदा त्वदीयं ब्रवीति वाक्यं प्रथमं कुमारी!।**

(यहां कन्या वर से कहती है कि यदि आप कभी तीर्थयात्रा को जाओ तो मुझे भी अपने संग लेकर जाना। कोई व्रत-उपवास अथवा अन्य धर्म कार्य आप करें तो आज की भांति ही मुझे अपने वाम भाग में अवश्य स्थान दें। यदि आप इसे स्वीकार करते हैं तो मैं आपके वामांग में आना स्वीकार करती हूं।)

किसी भी प्रकार के धार्मिक कृत्यों की पूर्णता हेतु पति के साथ पत्नी का होना अनिवार्य माना गया है। पत्नी द्वारा इस वचन के माध्यम से धार्मिक कार्यों में पत्नी की सहभागिता व महत्व को स्पष्ट किया गया है।

**2. पुज्यो यथा स्वौ पितरौ ममापि तथेशभक्तो निजकर्म कुर्या: वामांगमायामि तदा त्वदीयं ब्रवीति कन्या वचनं द्वितीयम!!**

(कन्या वर से दूसरा वचन मांगती है कि जिस प्रकार आप अपने माता-पिता का सम्मान करते हैं, उसी प्रकार मेरे माता-पिता का भी सम्मान करें तथा कुटुम्ब की मर्यादा के अनुसार धर्मानुष्ठान करते हुए ईश्वर भक्त बने रहें तो मैं आपके वामांग में आना स्वीकार करती हूं।)

यहां इस वचन के द्वारा कन्या की दूरदृष्टि का आभास होता है। उपरोक्त वचन को ध्यान में रख वर को अपने ससुराल पक्ष के साथ सदव्यवहार के लिए अवश्य विचार करना चाहिए।

**3. जीवनम अवस्थात्रये पालनां कुर्यात वामांगंयामितदा त्वदीयं ब्रवीति कन्या वचनं तृतीयं!!**

(तीसरे वचन में कन्या कहती है कि आप मुझे यह वचन दें कि आप जीवन की तीनों अवस्थाओं (युवावस्था, प्रौढ़ावस्था, वृद्धावस्था) में मेरा पालन करते रहेंगे, तो ही मैं आपके वामांग में आने को तैयार हूं।)

**4. कुटुम्बसंपालनसर्वकार्य कर्तु प्रतिज्ञां यदि कातं कुर्या: वामांगमायामि तदा त्वदीयं ब्रवीति कन्या वचनं चतुर्थ:।।**

(कन्या चौथा वचन यह मांगती है कि अब तक आप घर-परिवार की चिंता से पूर्णत: मुक्त थे। अब जब कि आप विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं तो भविष्य में परिवार की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति का दायित्व आपके कंधों पर है। यदि आप इस भार को वहन करने की प्रतिज्ञा करें तो ही मैं आपके वामांग में आ सकती हूं।)

इस वचन में कन्या वर को भविष्य में उसके उत्तरदायित्वों के प्रति ध्यान आकृष्ट करती है। इस वचन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि पुत्र का विवाह तभी करना चाहिए, जब वह अपने पैरों पर खड़ा हो, पर्याप्त मात्रा में धनार्जन करने लगे।

**5. स्वसद्यकार्ये व्यहारकर्मण्ये व्यये मामापि मन्त्रयेथा वामांगमायामि तदा त्वदीयं ब्रूते वच: पंचमत्र कन्या!!**

(इस वचन में कन्या कहती जो कहती है, वह आज के परिप्रेक्ष्य में अत्यंत महत्व रखता है। वह कहती है कि अपने घर के कार्यों में, लेन-देन अथवा अन्य किसी हेतु खर्च करते समय यदि आप मेरी भी मंत्रणा लिया करें तो मैं आपके वामांग में आना स्वीकार करती हूं।)

यह वचन पूरी तरह से पत्नी के अधिकारों को रेखांकित करता है। अब यदि किसी भी कार्य को करने से पूर्व पत्नी से मंत्रणा कर ली जाए तो इससे पत्नी का सम्मान तो बढ़ता ही है, साथ-साथ अपने अधिकारों के प्रति संतुष्टि का भी आभास होता है।

**6. न मेपमानमं सविधे सखीना द्यूतं न वा दुर्व्यसनं भंजश्चेत वामाम्गमायामि तदा त्वदीयं ब्रवीति कन्या वचनं च षष्ठम!!**

(कन्या कहती है कि यदि मैं अपनी सखियों अथवा अन्य स्त्रियों के बीच बैठी हूं, तब आप वहां सबके सम्मुख किसी भी कारण से मेरा अपमान नहीं करेंगे। यदि आप जुआ अथवा अन्य किसी भी प्रकार के दुर्व्यसन से अपने आपको दूर रखें तो ही मैं आपके वामांग में आना स्वीकार करती हूं।)


**7. परस्त्रियं मातूसमां समीक्ष्य स्नेहं सदा चेन्मयि कान्त कूर्या। वामांगमायामि तदा त्वदीयं ब्रूते वच: सप्तमंत्र कन्या!!**

(अंतिम वचन के रूप में कन्या यह वर मांगती है कि आप पराई स्त्रियों को माता के समान समझेंगे और पति-पत्नी के आपसी प्रेम के मध्य अन्य किसी को भागीदार न बनाएंगे। यदि आप यह वचन मुझे दें तो ही मैं आपके वामांग में आना स्वीकार करती हूं।)

**इस वचन के माध्यम से कन्या अपने भविष्य को सुरक्षित रखने का प्रयास करती है।**

# मन को नियंत्रित किए बिना आप साधक नहीं बन सकते

**जैसे मन में तीन गुण होते हैं। ऐसे ही मन के तीन तल होते हैं— चेतन, अवचेतन और अचेतन मन। मनुष्य किसी जन्म में पशु, किसी जन्म में पक्षी, किसी जन्म में मनुष्य रहा है। इन योनियों में दुख, सुख, खुशी, उन्माद, प्रमाद, काम इत्यादि की अनुभूतियों की छाप उसके अचेतन मन में पड़ी हुई है। करोड़ों जन्मों में आपने जो भी कुछ देखा, जो कुछ चाहा, जो कुछ सुना, उस हर अनुभव के संस्कार बीजरूप से आपके अचेतन मन में हैं। अचेतन मन में अनंत जन्मों के पड़े हुए संस्कार आपके अवचेतन मन को प्रभावित करते हैं और आपका अवचेतन मन आपके चेतन मन पर असर डालता है।**



मन को सभी कार्यों को साधने का माध्यम माना गया है। इस मन में रज, तम और सत्व तीनों भाव होते हैं। एक साधक के लिए मन में सत्व भाव का होना जरूरी है। इसके लिए मन पर नियंत्रण होना आवश्यक है। यह नियंत्रण साधना से आता है। प्रकृति के हर पदार्थ में रजस, तमस और सत्व ये तीन गुण कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक मन में रजस, तमस और सत्व इन तीन गुणों का सामंजस्य रहता है। हालांकि मन में किसी भी समय पर कोई एक ही गुण अधिक क्रियाशील रहता है, लेकिन जब मन में तमोगुण की प्रधानता होती है, तब आलस्य, नींद, क्रोध इत्यादि बढ़ जाते हैं। उसकी सोच में घृणा, हिंसा, द्वेष प्रकट होते हैं। जब मन में रजोगुण बढ़ता है, तब मनुष्य का तन अति क्रियाशील हो जाता है और मन की सोच बहुत ज्यादा बढ़ जाती है।

राजसिक व्यक्ति का मन अति क्रियाशील होने से द्वेष, द्वंद्व की स्थिति में रहता है और लड़ने-झगड़ने में समय बिताता है। राजसिक मनुष्य की क्रियाशीलता हमेशा ही नकारात्मक नहीं होती, सकारात्मक भी होती है। वह काम कर सकता है, दौड़ सकता है। जिससे शरीर की क्रियाशीलता बढ़ जाती है। ऐसा मनुष्य टिककर नहीं बैठ सकता, कुछ-न-कुछ करता ही रहेगा। इसके विपरीत तामसिक मनुष्य जब भी कुछ करेगा तो गलत ही करेगा। राजसिक मनुष्य संभवत कुछ सृजन भी करेगा, अच्छा काम भी करेगा। लेकिन तामसिक मनुष्य केवल नकारात्मक कार्य ही करेगा।

ऐसे ही जब मन में सत्व गुण का प्रभाव बढ़ता है, तब सात्विकता, पवित्रता, ध्यान, एकाग्रता, सुमिरन जैसे सुंदर भाव प्रकट हो जाते हैं। अगर अपने सात्विक भाव को गहरा करने के लिए साधन करते हैं तो सत्व गुण बढ़ जाएगा।

अगर सत्व गुण को बढ़ाने के साधन नहीं किए तो मन में रजस या तमस की अधिकता रहेगी। जब आप किसी महात्मा के सान्निध्य में रहते हैं, तो बिना चाहे या बिना मांगे, आपको उनके ज्ञान की, वैराग्य की, ध्यान की ऊर्जा मिलती रहती है।

जैसे मन में तीन गुण होते हैं। ऐसे ही मन के तीन तल होते हैं— चेतन, अवचेतन और अचेतन मन। मनुष्य किसी जन्म में पशु, किसी जन्म में पक्षी, किसी जन्म में मनुष्य रहा है। इन योनियों में दुख, सुख, खुशी, उन्माद, प्रमाद, काम इत्यादि की अनुभूतियों की छाप उसके अचेतन मन में पड़ी हुई है। करोड़ों जन्मों में आपने जो भी कुछ देखा, जो कुछ चाहा, जो कुछ सुना, उस हर अनुभव के संस्कार बीजरूप से आपके अचेतन मन में हैं। अचेतन मन में अनंत जन्मों के पड़े हुए संस्कार आपके अवचेतन मन को प्रभावित करते हैं और आपका अवचेतन मन आपके चेतन मन पर असर डालता है।

मान लीजिए कि आप एक बड़े से टैंक में बहुत-सी चीजें, जैसे— रसोई का बचा हुआ खाने-पीने का सामान, कपड़े, कूड़ा, कागज, पत्रिका, पुरानी अखबार, कोई और कबाड़ डालते जाओ और फिर 20 साल बाद उसे खोलो, तो क्या वे सारी चीजें आपको वैसी ही मिलेंगी जैसी डाली थीं? सब चीजें बिगड़ चुकी होंगी। उनके रूप-रंग बदल गए होंगे। उनमें रासायनिक बदलाव हुआ होगा। आप खुद भी उनको पहचानना चाहो तो पहचान नहीं पाओगे। यही हालत तुम्हारे अचेतन मन में जन्मों-जन्मों से पड़े हुए संस्कारों की है कि सीधे आप खुद भी उन्हें पहचान नहीं पाओगे। अनंत जन्मों में आपकी पंच ज्ञानेंद्रियों और पंच कर्मेंद्रियों द्वारा भोगे हुए, महसूस किए हुए सब अनुभवों की स्मृति अचेतन मन में है और उसी का प्रभाव आपके चेतन मन पर आता है।

मनुष्य संसार की दौड़ से बचने के लिए आध्यात्मिक प्रवचन सुनता है। उस पर अमल करने की कोशिश करता है, पर अमल होता नहीं, क्योंकि अचेतन मन में जा चुके संस्कार इतने प्रभावशाली होते हैं कि गुरु का सुना हुआ ज्ञान, पढ़े हुए ग्रंथ ये सब नाकाम हो जाते हैं। इन कारणों से मनुष्य कभी-कभी बहुत ग्लानि में चला जाता है। दुखी होता है, परेशान भी होता है कि हम क्यों नहीं अच्छे साधक हो सकते? हम क्यों नहीं अच्छे शिष्य बनते? हम क्यों गलती करते हैं? व्यक्ति ये सब सोचकर मन में बहुत पीडि़त भी होता रहता है। साधना करने की इच्छा होते हुए भी कर नहीं पाता है। इसके पीछे कारण यह है कि आपके संस्कार और मन में प्रधानरूप से होने वाले रजोगुण और तमोगुण। रजोगुण और तमोगुण को नियंत्रित करने के लिए, सत्वगुण को बढ़ाने के लिए, मन की अशुद्धियों को और कुसंस्कारों को दूर करने के लिए दो चीजें जीवन में ले आएं— पहली है हठयोग के अनुसार यौगिक जीवन का अनुसंधान और राजयोग की समझ, दूसरी चीज है कर्मयोग के अनुसार आचरण।

हठयोग में यम-नियम का पालन, अस्तेय, अपरिग्रह, अचौर्य, शौच मतलब तन और मन की शुद्धि, सत्य वचन, अपरिग्रह मतलब चीजों को इकट्ठा न करना आदि आते हैं। अपने जीवन में तपस्या को लाएं। आप संकल्पपूर्वक सुबह चार बजे उठ जाओ तो यह भी तप है। गुरु की आज्ञा का पालन करना भी तप है। निष्काम सेवा करना तप है। जिस कर्म को करने में तुम्हें प्रसन्नता है, जो कर्म करने में तुम्हें किसी पुरस्कार की अपेक्षा नहीं, भय या लोभ के बिना तुम जिस कर्म को करते हो, उसको सेवा कहते हैं, कर्मयोग कहते हैं। इस कर्मयोग के आचरण से आपके मन में सत्वगुण बढ़ता है। परंतु अचेतन मन में भय, क्रोध, लोभ इत्यादि के जो संस्कार पड़े हैं, उनका क्या करें? ये तो ऐसे बीज हैं, जहां से फसलें निकलती ही रहेंगी। आप जब तक जड़ नहीं काटोगे, तब तक पेड़ तो बढ़ता ही रहेगा।


शरीर मन का ही स्थूल रूप है और मन शरीर का सूक्ष्म रूप है। आसन, प्राणायाम होते तो शरीर के द्वारा ही हैं, पर उनका प्रभाव सीधे आपके मन पर आता है। आप यह बात अच्छे से समझिए कि अनियंत्रित, असंयमित मन कभी साधक नहीं हो सकता। इसलिए अगर मन में रजोगुण-तमोगुण ज्यादा हैं, तो उनको ठीक करने के लिए संकल्पबद्ध होकर साधना करिए।

## परमार्थ के मार्ग में साधक की चार अवस्थाएं

**1. कर्मकाण्ड या शरीयत :** अच्छे कार्य करना जैसा कि संसार के सब धार्मिक ग्रन्थों में बताया गया है।

**2. उपासना या तरीकत :** किसी कामिल गुरु के आदेश और मार्ग - दर्शन के अनुसार परमार्थ के कार्य करना । मन और इन्द्रियों को वश में करना तथा अपने आप को ध्यान वगैरह दूसरी आध्यात्मिक क्रियाओं में लगाये रखना ।

**3. भक्ति या मारफत :** परमात्मा के प्यार में इतने लीन हो जाना कि सिवाय उसके और किसी बात की फिक्र ही न रहे, चित्त से संसार और संसार के पदार्थों के सब खयाल दूर हो जायें, पाँचों विकार खत्म हो जायें, मन और इन्द्रियों वश में आ जायें और संसार के सुखों तथा इन्द्रियों के भोगों की तृष्णा दूर हो जाये ।



**4. ज्ञान या हकीकत :** सत्य या हकीकत को जानना और परमात्मा के साथ एक हो जाना ।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची



पेरिस (एजेंसी)। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व में नंबर एक भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। सात्विक और चिराग ने सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को 21-13, 21-16 से हराया। पुरुष एकल में हालांकि लक्ष्य सेन का अभियान मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से हारने के बाद समाप्त हो गया। कुनलावुत ने सेमीफाइनल में एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 21-13, 21-11 से जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग ने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ जोड़ियों के बीच खेले गए मुकाबले में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा तथा इस साल के शुरू में इंडिया ओपन में मिली हार का बदला चुकता किया। मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में भी कोरियाई जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 40 मिनट में अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे हुई और यांग पो ह्वान से भिड़ेगी, जिन्होंने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को हराया।

### पंत के आईपीएल खेलने पर संशय, सूत्र बोले-

## एनसीए से फिटनेस क्लियरेंस नहीं मिला; दिल्ली ने स्क्वॉड में भी नहीं रखा



नईदिल्ली (एजेंसी)। ऋषभ पंत को अब तक आईपीएल खेलने के लिए फिटनेस क्लियरेंस नहीं मिल सका है। दिल्ली कैपिटल्स ने पंत की फिटनेस रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई ) की ओर से टीम मैनेजमेंट को कोई जवाब नहीं मिला। आईपीएल 22 मार्च से शुरू होगा। मीडिया सूत्रों के अनुसार, पंत को बीसीसीआई से फिटनेस टेस्ट पास होने का सर्टिफिकेट अब तक नहीं मिला है। इस कारण उनके आईपीएल खेलने पर संशय है। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) के एक्सपर्ट पंत को मैच खेलने को लेकर फिट नहीं मान रहे हैं। पंत की टीम दिल्ली कैपिटल्स से जब इस बारे में मीडिया ने सवाल किया तो उन्होंने इसका खंडन नहीं किया और सिर्फ इतना कहा कि अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

**पंत दिल्ली के स्क्वॉड में भी शामिल नहीं** -सूत्रों की मानें तो फिटनेस क्लियरेंस नहीं मिलने के कारण दिल्ली कैपिटल्स ने अपने स्क्वॉड में अब तक ऋषभ पंत को शामिल नहीं किया है। हालांकि टीम मैनेजमेंट बीसीसीआई से रिक्वेस्ट कर पंत को एक्स्ट्रा प्लेयर के रूप में स्क्वॉड में रख सकता है।

**दिल्ली कैपिटल्स के को-ऑनर ने भी कहा था- पंत करेंगे कप्तानी** - डीसी टीम के को-ऑनर पार्थ जिंदल ने भी कहा था कि पंत आईपीएल के शुरुआती मैच खेलेंगे। वह फर्स्ट हाफ में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उन्होंने बैटिंग करनी शुरू कर दी है, वह विकेटकीपिंग भी कर रहे हैं। आईपीएल से पहले तक वह फिट हो जाएंगे।

**दिसंबर 2022 से क्रिकेट से दूर हैं पंत** - पंत दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने के बाद से क्रिकेट से दूर हैं। उनका 31 दिसंबर 2022 को दिल्ली से रुड़की जाने के दौरान एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद उनके दाहिने पैर के घुटने की तीन सर्जरी हुईं। वह नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिकवरी कर रहे हैं।

# ब्रॉड ने एंडरसन को 700 टेस्ट विकेट लेने पर बधाई दी, संन्यास पर भी रखा अपना पक्ष




लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने 700 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने के लिए टीम के पूर्व साथी जेम्स एंडरसन की सराहना करते हुए कहा कि किसी को उनके समर्पण के बारे में बात करने के अलावा उनके कौशल पर आश्चर्य करना चाहिए। एंडरसन ने इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया और टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट पूरे करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए और कुल मिलाकर ऐसा करने वाले केवल तीसरे गेंदबाज बने। एंडरनस इस जुलाई में 42 साल के हो जाएंगे, ने धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान शुबमन गिल और कुलदीप यादव के विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की।

ब्रॉड ने कहा, यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है और मैं किसी अन्य तेज गेंदबाज को इस रिकॉर्ड की बराबरी करते नहीं देखता जब लोग जिमी के बारे में बात करते हैं, तो वे आगे बढ़ते रहने के समर्पण और मानसिक लचीलेपन का उल्लेख करते हैं और जाहिर है, आप इसके बिना 41 साल की उम्र तक नहीं खेल सकते, लेकिन अब समय आ गया है कि हमें वास्तव में उसके कौशल पर आश्चर्य करना चाहिए, क्योंकि 20 से अधिक वर्षों से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को चुनौती देते हुए विभिन्न परिस्थितियों में इतने सारे विकेट हासिल करने के लिए इसी की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, यह एक तरह से शर्म की बात है कि वह कुछ बेहतर कारणों से शेन वार्न और मुथैया मुरलीधरन की विशिष्ट कंपनी में शामिल होने को याद नहीं कर पाएंगे, इस अर्थ में कि उनका क्षण एक लंबे दौरे के अंत में थोड़ा उत्साहजनक था। ब्रॉड ने कहा, उन्होंने शीर्ष स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के तरीके ढूंढ लिए हैं और अभी भी बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो यह असाधारण है।

ब्रॉड ने कहा कि उनके मन में कहीं न कहीं वह स्वार्थी की उम्मीद कर रहे थे कि इस साल जुलाई से इंग्लिश टेस्ट समर के दौरान वेस्ट इंडीज और श्रीलंका के खिलाफ एंडरसन को अपना 700 वां विकेट लेते देखा जाए ताकि वह उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई दे सकें। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद कर रहा था कि वह इस गर्मी में 699 पर लॉर्ड्स में वापस आएगा और मैं इंग्लैंड के कई अन्य प्रशंसकों के साथ इसे देखने के लिए वहां मौजूद रह सकता हूं। वर्षों से हमारे करीबी कामकाजी संबंधों को देखते हुए, मुझे यह पसंद आएगा उसके पीछे चलने वाले 10 लोगों में से एक बनो और उसे ताली बजाओ। ब्रॉड ने यह भी सवाल उठाया कि इंग्लिश आइकन इस साल 42 साल के हो जाएंगे, ऐसे में वह कब तक टेस्ट गेंदबाज बने रहेंगे। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा सवाल है (एंडरसन का संन्यास) लोग स्वाभाविक रूप से पूछेंगे लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे इसका कोई अंदाजा नहीं है। जिमी एक लत है, और मेरा मतलब है कि यह सबसे अच्छे तरीके से हो सकता है। वह क्रिकेट में बहुत निवेशित है। कोई ऐसा व्यक्ति जो अंततः बहुत भावुक महसूस करेगा।

उन्होंने कहा, यह वह सब कुछ है जो वह जानता है। और मुझे लगता है कि जब वह अपना समय चुनता है, तब भी उसे इससे दूर जाना बहुत मुश्किल होगा। यह उसके अंदर इतना समाया हुआ है कि वह कभी-कभी यह आभास देता है कि वह पारंपरिक 65 साल में सेवानिवृत्त होना चाहता है। वह जो सोच रहा होगा वह एक नया लक्ष्य है। क्या उसका लक्ष्य 800 तक पहुंचना और मुरली की बराबरी करना है? क्या वह वार्न के 708 को पार करना चाहता है? उसे पता चल जाएगा कि जाने का सही समय कब है, और केवल वह ही यह निर्णय ले सकता है। क्या यह संभव है कि वह अगली एशेज में खेलेगा? कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम चाहेंगे कि वह ऑस्ट्रेलिया में एशेज को ध्यान में रखते हुए अगले 18-24 महीनों तक मजबूत प्रदर्शन करें, लेकिन एंडरसन तब तक 43 साल के हो जाएंगे और शायद वह इतना आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं। एंडरसन ने कहा, हां। ब्रेंडन मैकुलम और बेन स्टोक्स चाहते हैं कि वह अगले 18-24 महीने तक खेलें, लेकिन तब वह 43 साल के हो जाएंगे और मुझे नहीं लगता कि वह इतना आगे के बारे में सोचेंगे। ऑस्ट्रेलिया में खेलना एक कठिन, शारीरिक चुनौती है। एक तेज गेंदबाज के रूप में आप एक टेस्ट मैच में औसतन 53 ओवर करते हैं।

# दीप्तयान घोष बने राष्ट्रीय रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज विजेता



नासिक (एजेंसी)। रेल्वे के ग्रांड मास्टर दीप्तयान घोष नें नासिक में आयोजित हुई शतरंज के फटाफट फॉर्मेट राष्ट्रीय रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के दोहरे खिताब अपने नाम कर लिए है और अरविंद चितांबरम के बाद एक ही बार में दोनों खिताब जीतने वाले वह दूसरे खिलाड़ी बन गए है।नेशनल रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में देशभर के करीब सभी राज्यो से कुल 226 खिलाड़ियों नें भाग लिया जिसमें दूसरे वरीय दीप्तयान घोष नें 11 राउंड में अपराजित रहते हुए कुल 9 अंक बनाए इस दौरान उन्होने 7 मुक़ाबले जीते और चार बाज़ियाँ ड्रॉ खेली । रेल्वे के अरोण्यक घोष 8.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर दूसरे स्थान पर रहे जबकि तेलांगना के राजा ऋत्विक तीसरे स्थान पर रहे । रैपिड के सभी मुक़ाबले 15 मिनट + 10सेकंड प्रति चाल प्रति खिलाड़ी के समय पर खेले गए ।

इसके बाद हुई नेशनल ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में 3 मिनट + 2 सेकंड प्रति खिलाड़ी के आधार पर कुल 11 राउंड खेले गए जिसमें एक बार फिर दीप्तयान घोष नें 9.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया , हालांकि ब्लिट्ज में तमिल नाडु के मनीष अंटो के खिलाफ उन्हे एकमात्र हार का सामना करना पर पर उन्होने 9 जीत और 1 ड्रॉ के साथ खिताब जीता उनकी सही बड़ी जीत आखिरी राउंड में बंगाल के मित्रभा गुहा के उपर रही । ब्लिट्ज में 9 अंक बनाकर तेलांगना के राजा ऋत्विक दूसरे और गोवा के एथन वाज तीसरे स्थान पर रहे ।

# नोवाक जोकोविच ने जीत के साथ पांच साल बाद इंडियन वेल्स में की वापसी



इंडियन वेल्स (एजेंसी)। नोवाक जोकोविच ने अलेक्जेंडर वुकिच को 6-2, 5-7, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट में पांच साल बाद जीत के साथ वापसी की। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन जोकोविच इस जीत से राफेल नडाल के बाद एटीपी मास्टर्स 1000 सीरीज प्रतियोगिता में 400 मैच जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इंडियन वेल्स में 2019 के बाद पहली बार खेल रहे जोकोविच इस टूर्नामेंट में पांच बार के पूर्व चैंपियन हैं। महिला वर्ग में कोको गॉफ ने भी क्लारा बुरेल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ़ तीसरे दौर में लूसिया ब्रोंज़ेटी से भिड़ेगी जिन्होंने एन्हेलिना कलिनिना को 6-3, 6-4 से हराया। जेसिका पेगुला हालांकि दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाईं। उन्हें रूस की अन्ना ब्लिंकोवा ने 6-2, 3-6, 6-3 से हराया। नाओमी ओसाका ने रूस की ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर किया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका का अगला मुकाबला एलिस मर्टेंस से होगा। एक अन्य मैच में यहां दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका अमेरिका की कैरोलिन डोलेहाइड से 7-5, 2-6, 6-3 से हार गईं। अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानु भी तीसरे दौर में पहुंच गई हैं।

# जीतने के बाद राहुल द्रविड़ ने ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की तारीफ की

### बीसीसीआई ने वीडियो पोस्ट किया



नईदिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने ड्रेसिंग रूम में सभी खिलाड़ियों की तारीफ की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें वह इस सीरीज की जीत के लिए टीम को शुभकामनाएं दे रहे है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 से टेस्ट सीरीज जीत ली है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला गया। टीम इंडिया ने यह मैच पारी और 64 रन से जीता।

**इस सीरीज में हमारे ऊपर काफी दबाव रहा** - द्रविड़ ने कहा, सबसे पहले तो मैं सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। इस सीरीज में ऐसा कई बार देखने को मिला कि हमारे ऊपर काफी दबाव रहा लेकिन उसके बावजूद हमने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सीरीज जीता। यह काफी अच्छी बात थी। कई बार ऐसा होता है कि जब विरोधी टीम से आगे हम लोग मैच में हो तब हमें लगातार उनके ऊपर दबाव बनाना पड़ता है और मैच जीतना होता है। सीरीज के शुरू होने से पहले यही बात हो रही थी कि हम लोगों को काफी उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है, हालांकि हमने हार नहीं मानी और सीरीज अपने नाम की।

**यंग प्लेयर्स ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया** - द्रविड़ ने आगे कहा, इस सीरीज से हमें यह सिखने को मिला कि हम लोग एक ग्रुप में कितने स्ट्रांग हैं। इस ग्रुप में कई यंग प्लेयर्स थे जिन्होंने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें यह बात पता होनी चाहिए कि हम सबको एक दूसरे का साथ हर परिस्थिति में देना चाहिए। भले ही आप बल्लेबाज हो या गेंदबाज अगर आपको सफल होना है तो एक दूसरे का साथ देना जरूरी है। मुझे पूरा भरोसा है कि युवा खिलाड़ी सब भविष्य में भी एक साथ खेलेंगे और ऐसे ही आगे भी एक दूसरे को सपोर्ट करेंगे। टेस्ट क्रिकेट आसान नहीं है यह बहुत ही मुश्किल है और आपको हर तरीके से इसे खेलने के लिए तैयार होना चाहिए। सपोर्ट स्टाफ को भी मैं शुक्रिया कहना चाहूंगा। यह बहुत ही लंबी सीरीज थी लेकिन सभी ने अपना काम अच्छे से किया। आप लोगों ने जो भी हासिल किया उसके लिए मैं बहुत ही खुश हूं।

**यह काफी अच्छी सीरीज थी- रोहित** - रोहित शर्मा ने कहा, यह काफी अच्छी सीरीज थी। सभी खिलाड़ियों ने अपना काम बखूबी से किया। सभी ने साथ मिलकर इस सीरीज की जीत में अहम योगदान दिया।



# क्राइस्टचर्च टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया 77/4

### 202 रन की और जरूरत, हेड और मार्श नॉटआउट; न्यूजीलैंड 372 पर ऑलआउट

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच क्राइस्टचर्च में 2 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। हैग्ले ओवल मैदान पर तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट पर 77 रन बना लिए। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 372 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 279 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 162 और ऑस्ट्रेलिया ने 256 रन बनाए थे।

**न्यूजीलैंड से 4 प्लेयर्स ने फिफ्टी लगाई** - तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने 134/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टॉम लैथम ने 65 और रचिन रवींद्र ने 11 रन के स्कोर से पारी आगे बढ़ाई। लैथम 73 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन रचिन ने फिफ्टी लगा दी। उन्होंने डेरिल मिचेल के साथ चौथे विकेट के लिए 123 रन की पार्टनरशिप की। मिचेल 58 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद रचिन भी 82 रन बनाकर आउट हो गए। इनके बाद टॉम ब्लंडेल 9 रन बनाकर आउट हुए और टीम ने 296 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए।

**फिलिप्स-कुगलेइन ने की फिफ्टी पार्टनरशिप** - ग्लेन फिलिप्स और स्कॉट कुगलेइन ने फिर 7वें विकेट के लिए 53 रन की पार्टनरशिप कर ली। फिलिप्स 16 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच साझेदारी टूटी। मैट हेनरी ने 16 रन बनाए और टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचा।

# ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी तैयार है : ग्लेन मैकग्रा

चेन्नई (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर ग्लेन मैकग्रा ने कहा कि तेज गेंदबाजों की नई खेप पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की तिकड़ी के संन्यास के बाद जिम्मेदारी संभालने के लिए इंतजार कर रही है। ऑस्ट्रेलियाई खेमे में कमिंस (30 साल), स्टार्क (34 साल) और हेजलवुड (33 साल) के उत्तराधिकारी ढूंढने पर चर्चा चल रही है लेकिन मैकग्रा को लगता है कि बदलाव की प्रक्रिया में कोई परेशानी नहीं होगी। मैकग्रा ने कहा, 'हमारे तेज गेंदबाजों की अगली पीढ़ी खेलने का इंतजार कर रही है। स्कॉट बोलैंड, माइकल नेसेर, झाय रिचर्डसन और काफी सारे युवा तेज गेंदबाज सामने आ रहे हैं, हम देख रहे हैं और इंतजार कर रहे हैं। ये खिलाड़ी खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें सिर्फ मौके की जरूरत है। बोलैंड और नेसेर कुछ टेस्ट मैच खेल चुके हैं। मैकग्रा ने कहा, 'मौजूदा आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी क्रम मजबूत है। वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और जीत भी रहे हैं। साथ ही वे चोटिल भी नहीं हो रहे हैं। जब तक उनका प्रदर्शन खराब नहीं होता या वे चोटिल हो जाते हैं, तब तक कोई बदलाव नहीं होगा।

# रोहित बोले- किसी दिन उठूंगा और रिटायरमेंट ले लूंगा

### अभी बेस्ट क्रिकेट खेल रहा हूं, टीम को फियरलेस बनाने पर फोकस

नईदिल्ली (एजेंसी)। रोहित शर्मा ने अपने रिटायरमेंट पर कहा कि जिस दिन खेलने का मन नहीं हुआ। उस दिन बोर्ड से बात करूंगा और रिटायरमेंट का फैसला ले लूंगा। हालांकि वह फिलहाल खुद को बेस्ट फॉर्म में महसूस कर रहे हैं, इसलिए अपनी टीम को फियरलेस बनाना चाहते हैं। रोहित ने धर्मशाला टेस्ट के बाद कहा, खिलाड़ियों के लिए आंकड़े जरूरी है लेकिन मैं चाहता हूं कि सभी प्लेयर्स निडर क्रिकेट खेले, नंबर्स उनका साथ दे ही देंगे।

**जब मन होगा तब रिटायरमेंट ले लूंगा** - रोहित ने धर्मशाला में इंग्लैंड पर टीम इंडिया की जीत के बाद कहा, मुझे लगता है एक दिन मैं उठूंगा और महसूस करूंगा कि अब आगे नहीं खेल पाऊंगा। मैं सीधे बोर्ड से बात करूंगा और उन्हें इस बारे में बता दूंगा, लेकिन सच कहूं तो पिछले 2-3 साल से मैं अपना बेस्ट क्रिकेट खेल रहा हूं।

**माइलस्टोन के लिए न खेले खिलाड़ी** - रोहित ने आगे कहा, मैं टीम में माइलस्टोन के लिए खेलने का कल्चर खत्म करना चाहता हूं। चाहता हूं कि खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा फ्रीडम के साथ खेलें। अगर खिलाड़ी गेम की सिचुएशन पर फोकस करेंगे तो नंबर और माइलस्टोन खुद ही आ जाएंगे।




मैं नंबर और आंकड़ों पर ध्यान देने वाला खिलाड़ी नहीं हूं। हां, बड़े रन बनाना भी जरूरी है, लेकिन इस टीम में सिचुएशन के हिसाब से खेलने का कल्चर बन रहा है। मैं इसे ही आगे कन्टीन्यू करवाना चाहता हूं। मेरे खिलाड़ी खुलकर क्रिकेट खेल रहे हैं और यही मेरी सबसे बड़ी जीत है। क्रिकेट में आंकड़ों की अहमियमत को मैं पूरी तरह अपनी टीम से बाहर करना चाहता हूं।

**फियरलेस क्रिकेट खेलना जरूरी** - रोहित ने आगे कहा,खिलाड़ी पर्सनल स्कोर पर ध्यान नहीं दे रहे। अगर आप सिचुएशन के हिसाब से खेलेंगे तो नंबर खुद ही आपके साथ रहेंगे। फियरलेस क्रिकेट खेलकर टीम को जीत दिलाना बहुत ज्यादा जरूरी है। फिफ्टी और सेंचुरी भी जरूरी है, लेकिन टीम स्पोर्ट में इन चीजों को मैं फोकस से दूर करना चाहता हूं।

**रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ 2 सेंचुरी लगाई** - कप्तान रोहित की फियरलेस सोच की बदौलत टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 5 टेस्ट की सीरीज में 4-1 से हराया। पहले मुकाबले में भारत को हार मिली, लेकिन टीम ने कमबैक किया और बाकी चारों मुकाबले जीतकर सीरीज जीत ली। रोहित ने सीरीज में 44.44 की औसत से 9 पारियों में 400 रन बनाए। इनमें 2 शतक और एक फिफ्टी शामिल रही।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप शुरू होने के बाद से रोहित शर्मा ने भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाए। उनके नाम 32 टेस्ट में 50.03 की औसत से 2552 रन हैं। इनमें 9 सेंचुरी और 7 फिफ्टी शामिल रहीं। 212 रन उनका बेस्ट स्कोर रहा।

**रोहित की कप्तानी में भारत वर्ल्ड कप फाइनल तक पहुंचा** - रोहित शर्मा की ही कप्तानी में टीम इंडिया ने 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भी अच्छा प्रदर्शन किया। टीम ने सेमीफाइनल तक लगातार 10 मुकाबले जीते। लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ गया।



खुर्जा विधानसभा में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सेदारी करते भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद डा. महेश शर्मा साथ में है गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट के संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रणीत भाटी एवं अन्य कार्यकर्ता।

# भाजपा चुनाव संचालन समिति की हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा ज़िला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर लोकसभा चुनाव संचालन के दादरी विधानसभा संचालन समिति की चुनाव जीतने के लिये चुनावी मंत्रणा समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की संचालन ज़िला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सह संयोजक राकेश राणा व विधानसभा संचालन समिति के प्रभारी क्षेत्रीय मंत्री पूर्व नोएडा महानगर अध्यक्ष बिजेंद्र नागर दादरी विधानसभा संचालन समिति संयोजक जगभूषण गर्ग ने लोकसभा चुनाव तैयारी पर बैठक को संबोधित किया।



ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के लिये अब सभी कार्यकर्ता संगठन के कार्यों के साथ चुनाव संचालन समिति के कार्यों में लगकर भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा को ऐतिहासिक वोटो के साथ लोकसभा चुनाव जिताकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार 400 पार के साथ सरकार बने क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर लोकसभा चुनाव जीतेगी। लोकसभा संचालन सह संयोजक राकेश राणा ने कहा कि ये लोकसभा चुनाव कार्यकर्ताओं की परीक्षा है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ज़िला महामंत्री दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा, सुनील भाटी, पवन रावल, कर्मवीर आर्य, रवि जिन्दल, बिजेंद्र प्रमुख, पंकज रावल, पवन नागर, सुनील शर्मा, मण्डल अध्यक्ष महेश शर्मा, संजय भाटी, मुकेश चौहान, सत्यपाल शर्मा, गुरुदेव भाटी, विजय रावल, सतीश भाटी, इन्द्रजीत टाइगर, सुनील सोनक, प्रवीन सैन, वरूण धीमान, जितेन्द्र सैन, डॉ. संगीता रावल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण



**दादरी (चेतना मंच)।** दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर ने कल दादरी नगर में लगभग 1 करोड़ 80 लाख की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किए। दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर निरंतर पूरे क्षेत्र में विकास कार्य रहे है फिर गाँव हो या शहर उनकी प्राथमिकता दोनों के लिए बराबर है। विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का विकास है। कार्यक्रम में आदेश भाटी, संजय रावल, श्रीमती सविता, श्रीमती सीमा, सचिन नागर, पीयूष गर्ग, जितेन्द्र कुमार, सरजीत एवं श्रीमती कविता एवं समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।



बीएचईएल में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की बैठक करते सीटू कार्यकर्ता।



भाकियू (बलराज) संगठन के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेते संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी एवं अन्य कार्यकर्ता।

# ट्रक को क्षतिग्रस्त कर चालक से 20 हजार लूटे

## शिकायत करने पर आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

**दादरी (चेतना मंच)।** दादरी थाना क्षेत्र में मुंहफाड गांव निवासी नामजद व उसके साथियों ने ट्रक पर हमला कर शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया तथा ड्राईवर से 20 हजार रूपये छीन लिये। पीड़ित ट्रांसपोर्टर ने दादरी थाने में इसकी एफआईआर दर्ज कराई है।

ट्रांसपोर्टर गौरव शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा ने बताया कि उसका ट्रक राजस्थान से डस्ट व रोडी लेकर नोएडा आता है। 27 फरवरी की रात 1 बजे थार गाड़ी में सवार सोनू नागर व उसके 3-4 साथियों ने मायचा के पास उसके ट्रक नं. आरएस-40 जीबी-6505 पर पत्थरों से हमला कर शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया तथा ट्रक ड्राईवर वाजिन पुत्र फखरूददीन से 20 हजार रूपये लूट लिए।



इस घटना का वीडियो मोबाइल कैमरे में कैद है। थार गाड़ी का नंबर देखने के बाद पता चला कि यह गाड़ी गांव मुंहफाड, कस्बा दनकौर निवासी सोनू नागर की है। उसने सोनू से पैसे का तगादा किया तो सोनू नागर ने कासना कोतवाली के दरोगा अमित कुमार के सामने फोन पर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने मामले की एफआईआर दादरी थाने में दर्ज कराई है।

गौरव शर्मा ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। उसने कहा कि सोनू नागर से उसे जान का खतरा है। इसलिए उसको सुरक्षा भी मुहैया कराई जाए।

# विपक्ष की जमानत होगी जब्त : प्रधान

**नोएडा( चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा प्रधान ने जारी अपने एक बयान में कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्ध नगर से विपक्ष के प्रत्याशी की जमानत बचाने के भी लाले पड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद डॉक्टर महेश शर्मा की ऐतिहासिक जीत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। इसे दुर्भाग्यपूर्ण बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर में हुए विकास को लेकर जनता डॉक्टर महेश शर्मा को 7 लाख से अधिक मतों से विजय से दिलाने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र में बनने जा रही है और पार्टी का हर कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशियों को चुनाव जीतने के लिए किस संकल्पित है।



# डा. महेश शर्मा की होगी ऐतिहासिक जीत : नायक

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन कल्याणकारी कार्यों तथा ऐतिहासिक उपलब्धियों के सामने विपक्षी दलों के हौसले पस्त हैं। यही कारण है कि गौतमबुद्धनगर में समाजवादी पार्टी समेत अन्य विपक्षी दल अपना गठबंधन का प्रत्याशी भी नहीं उतर पा रही हैं।



भाजपा के वरिष्ठ नेता ताराचंद नायक ने बताया कि गौतमबुद्धनगर क्षेत्र केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी कार्यों के कारण भाजपा का गढ़ बना हुआ है। वर्ष-1996 से लेकर आज तक यहां भाजपा का ही प्रत्याशी (वर्ष 2009 को छोड़कर) लगातार जीत रहा है। भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को यहां चौथी बार प्रत्याशी बनाया है। इस लोकसभा में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी तथा कांग्रेस हमेशा दूसरे, तीसरे तथा चौथे नंबर की लड़ाई लड़ती रही है। समाजवादी पार्टी तो वर्ष 1992 यानी पार्टी के गठन से लेकर आज तक इस सीट पर कभी भी जीत हासिल नहीं कर पाई। कमोबेश यही हालत कांग्रेस की भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा को क्षेत्र की जनता का हमेशा से प्यार तथा आशीर्वाद मिलता रहा है। इस बार भी डॉक्टर महेश शर्मा को क्षेत्र की जनता अपना भरपूर प्यार तथा आशीर्वाद देगी तथा ऐतिहासिक मतों से जिताकर डा. महेससा शर्मा को लोकसभा भेजेगी। ताराचंद नायक ने कहा कि डा. महेश शर्मा की इस बार ऐतिहासिक जीत होगी।







14 मार्च को दिल्ली में होने वाली किसान रैली की सफलता को लेकर बैठक करते भाकियू के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना एवं अन्य कार्यकर्ता।

# भाकियू (पथिक) का हुआ विस्तार



**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन पथिक का विस्तार किया गया। जिसमें चिराग नागर को एनसीआर उपाध्यक्ष सौंपी बबलू नागर को तहसील सचिव जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल भाटी, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय पहलवान एवं विजय नागर, इंदर नागर, बिट्टू नागर, शोरूम महावीर, राखी नागर, विनीत नागर, राहुल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।




# ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी मर्डर मुबारक

होमी अदजानिया के डायरेक्शन में बन रही फिल्म मर्डर मुबारक का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जो सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है। अब निर्माताओं ने मर्डर मुबारक का पहला गाना याद आवे रिलीज कर दिया। इसे सचिन-जिगर, सिमरन चौधरी और वरुण जैन ने अपनी आवाज से सजाया है। बोल प्रिया सरैया ने लिखे हैं। फिल्म में पहली बार सारा अली खान और विजय वर्मा की जोड़ी बनी है। इसमें डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर, टिस्का चोपड़ा, संजय कपूर और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारे भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी दिल्ली में हुए एक मर्डर के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिसकी पड़ताल पुलिस बने पंकज करते हैं। फिल्म का प्रीमियर 15 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा।




# महिला किरदारों के साथ न्याय करते हैं भंसाली

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस सीरीज में सोनाक्षी के अलावा मनीषा कोईराला, ऋचा चड्ढा और अदिति राव अहम भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। हाल ही में शो के प्रमोशन के दौरान सोनाक्षी सिन्हा हीरामंडी के अलावा संजय लीला भंसाली के बारे में कई दिलचस्प खुलासे करती नजर आईं। सोनाक्षी सिन्हा शो हीरामंडी - द डायमंड बाजार से पहले भी संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में बनी फिल्म राउडी राठौड़ में काम कर चुकी हैं। सोनाक्षी बताती हैं, मैं काफी समय से संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाह रही थी, लेकिन किसी न किसी वजह से बात नहीं बन पा रही थी। मैं जब भी उनसे मिलने के लिए ऑफिस जाती थी वे कॉफी ऑफर करते थे। मैं कॉफी पी कर और बात करके वापस आ जाती थी। आप जब भी उनके ऑफिस जाएंगे वो आपको कॉफी जरूर पिलाते हैं। संजय लीला भंसाली कॉफी के शौकीन हैं। सोनाक्षी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे लगता है कि संजय लीला भंसाली अपनी स्त्री किरदारों को सबसे ज्यादा खूबसूरती से दिखाते हैं। आप उनकी कोई भी फिल्म उठा कर देख लीजिए वे महिला चरित्रों के साथ न्याय करते हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे हीरामंडी- द डायमंड बाजार का हिस्सा बनने का मौका मिला।

## मनीषा कोइराला से सीखने को मिला

शो हीरामंडी- द डायमंड बाजार सोनाक्षी सिन्हा ने दिग्गज अदाकारा मनीषा कोइराला के साथ काम किया है। सोनाक्षी कहती हैं, इस शो में छह महिला किरदार हैं और सभी इस शो में अहम भूमिका निभा रही हैं। इन छह औरतों के पास अपनी अलग-अलग कहानियां हैं जिसे शो में दिखाया गया है। मुझे यह शो करके काफी मजा आया। मनीषा कोइराला से मुझे काफी सीखने को मिला। वे बेहद जहीन अदकारा हैं।





# सनकी में पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करते दिखेंगे अहान शेट्टी

**बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी फिल्म सनकी में पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करते दिखेंगे। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म सनकी की घोषणा की और स्टारकास्ट को दिखाया। उन्होंने कहा, वैलेंटाइन डे (14 फरवरी 2025) पर फिल्म सनकी रिलीज होगी।**

साजिद नाडियाडवाला की फिल्म सनकी में अहान शेट्टी पहली बार पूजा हेगड़े के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। रजत अरोरा द्वारा लिखित इस फिल्म को अदनान ए. शेख और यासिर जाह निर्देशित करेंगे।

बॉलीवुड स्टार सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने एक्शन रोमांस फिल्म तड़प से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। यह फिल्म साल 2021 में रिलीज हुई थी। फिल्म में तारा सुतारिया ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसका निर्देशन मिलन लूथरिया ने किया था और साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस की थी। वहीं, एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हिंदी, तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने साक्ष्यम, हाउसफुल 4, अला वैकुंठपुरमलो, बीस्ट, आचार्य, सर्कस और हाल ही में किसी का भाई किसी की जान जैसी फिल्में की हैं।

# अपने पति और बच्चों के साथ सउदी अरब पहुंची नयनतारा

जवान फिल्म में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के साथ पर्दे पर अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने वाली साउथ सुपरस्टार नयनतारा अपने परिवार के साथ सउदी अरब पहुंची हैं। अभिनेत्री अपने पति विग्नेश शिवन और बच्चे, उइर और उलाग के साथ रेसिंग कार्यक्रम में शामिल होने सउदी अरब पहुंची। इवेंट से पहले नयनतारा और विग्नेश शिवन ने एक साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिताया। इससे पहले नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें साझा की थीं, जिसमें वो अपने पति के प्रति अपना आभार प्रकट करती हुई नजर आ रही थीं। अपने पति विग्नेश को टैग करते हुए अभिनेत्री ने लिखा- आज मैं जिस तरह की महिला हूं, वैसी महिला बनाने के लिए आपका दिल से शुक्रिया। इसके अलावा उन्होंने अपने पति से अलग होने को लेकर उठी सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि उनके और उनके पति के बीच सबकुछ ठीक है। इससे पहले एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा किया था, जिसे पढ़ने के बाद उसके प्रशंसक घबरा गए थे। बता दें कि यह संदेश उन्होंने ऐसे वक्त में लिखा था, जब उन्होंने अपने पति को अनफॉलो कर दिया था।



# मैं खुद को दुनिया का राजा की तरह महसूस कर रहा हूं

**मुंबई के बीकेसी इलाके में मिस वर्ल्ड 2024 के फिनाले की मेजबानी कर रहे बॉलीवुड फिल्मों के निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने कहा है कि इस कार्यक्रम की मेजबानी करने से उन्हें दुनिया के राजा जैसा महसूस हो रहा है। धर्म प्रमुख ने मंच की शोभा बढ़ाई और 2013 मिस वर्ल्ड की विजेता, साथी मेजबान मेगन यंग के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।**

कार्यक्रम में 112 प्रतिभागियों और मेहमानों को संबोधित करते हुए करण जौहर ने लियोनार्डो डिकैप्रियो और केट विंसलेट-स्टारर टाइटैनिक के संवाद का हवाला दिया, जिसमें अभिनेता कहते हैं, मैं दुनिया के राजा की तरह महसूस करता हूं। उन्होंने कहा विश्व मंच पर सौंदर्य प्रतियोगिता के दावेदारों की संगति में वह वास्तव में विश्व के राजा की तरह महसूस कर रहे हैं और वह इस कार्यक्रम में महिलाओं के बीच केवल एक मात्र नश्वर हैं। करण जौहर ने इवेंट के लिए झिलमिलाते कंधों वाले काले रंग का टक्सीडो और काली पैंट पहने हुए थे। इस बार यह सौंदर्य प्रतियोगिता 28 साल बाद भारत लौटी है। मुंबई में जन्मीं सिनी शेट्टी, जो कर्नाटक की हैं, सौंदर्य प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।



# नेवी की महिला अफसरों की सख्त कहानी बयां करेंगी आरुषी निशंक

हिमश्री फिल्म्स और टी- सीरीज ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट तारिणी की घोषणा की है। इस फिल्म के माध्यम से मशहूर कत्थक नृत्यांगना आरुषी निशंक बॉलीवुड में अपना डेब्यू करेंगी। तारिणी दुनिया के सामुद्रिक सफर पर निकलीं पहली, नेवी की छह जांबाज महिला अफसरों पर आधारित एक फिल्म है। इस घोषणा के बाद दर्शकों के बीच गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। रक्षा मंत्रालय से सफलतापूर्वक अधिकार प्राप्त करने के बाद, आरुषि निशंक और कुमार विश्वास वर्तमान में तारिणी के लेखन को पूरा करने में लगे हुए हैं। यह परियोजना छह वीर महिलाओं की मनोरंजक कहानी को पर्दे पर जीवंत तरीके से पेश करने के लिए तैयार है, जिन्होंने समाज की रूढ़िवादिता को तोड़ा और समुद्र पर विजय प्राप्त की और हर महिलाओं के लिए मिसाल बनी थीं। बता दें कि तारिणी केवल एक साधारण कहानी नहीं है। यह महिला सशक्तिकरण को भी प्रदर्शित करती है। यह महिलाओं की उपलब्धियों का प्रमाण है। आरुषि निशंक का मानना है कि यह परियोजना दुनिया भर में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण के प्रतीक और उदाहरण के रूप में काम करेगी। मेक इन इंडिया के तहत बनी इस तारिणी नौका में सवार होकर इन छह महिला अफसरों ने इस साहसिक अभियान के साथ अपना नाम इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों से भी दर्ज कर था। अरुषी निशंक ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, तारिणी सिर्फ एक कहानी से कहीं अधिक है; यह उन महिलाओं की जाबाज भावना को श्रद्धांजलि है जो बाधाओं को तोड़ती हैं और संभावनाओं को फिर से परिभाषित करती हैं। इस परियोजना के माध्यम से, हमारा लक्ष्य महिलाओं को प्रेरित और सशक्त बनाना है। लेखक कुमार विश्वास ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, तारिणी पर सहयोग करना एक सम्मान की बात है और मैं साहस और विजय की इस कहानी को बुनने के लिए उत्साहित हूं। इन छह महिलाओं की यात्रा प्रेरणा का स्रोत है और हम आशा करते हैं कि उनकी कहानी को इस तरह व्यक्त करें जो दर्शकों को पसंद आए।

# अवंतिका के जाने के बाद लेखा मेरी जिंदगी का हिस्सा बनीं





अभिनेता इमरान खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। पिछले दिनों अफवाहों का बाजार गर्म था कि लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं। लोगों को लग रहा था कि लेखा की वजह से इमरान ने अवंतिका को तलाक दे दिया। अपने तलाक के विषय में बात करते हुए इमरान बोलते हैं, मैं और अवंतिका आपसी सहमति से अलग हुए थे। मैं फरवरी 2019 के बाद से ही अवंतिका से अलग रह रहा हूं। हां, मैंने इस बात का जिक्र शायद पहले नहीं किया था। इमरान अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैं बता नहीं सकता हूं कि मुझे कितनी तकलीफ हुई जब मैंने सुना कि लोग लेखा को घर तोड़ने वाली महिला बुला रहे हैं। वे मेरी जिंदगी में अवंतिका के जाने के बाद आई हैं। मैं डेढ़ साल से अकेले रह रहा था। कोई नहीं था मेरे साथ तब लेखा ने मेरा साथ दिया।

# पृष्ठ एक के शेष....

**एक्वा मेट्रो को सभी...**

पीक आवर्स पर सभी स्टेशनों पर ट्रेन ना रोकने का निर्णय लिया था। अभी तक यही व्यवस्था चल रही थी। लेकिन अब नई व्यवस्था के तहत पीक आवर्स में ट्रेन सभी स्टेशनों पर ठहरेगी। इस बाबत एनएमआरसी द्वारा सभी स्टेशनों तथा ट्रेन के अंदर अनाउंसमेंट भी किया जा रहा है इस खबर से यात्रियों में काफी खुशी है।

**एनडीए के एमएलसी...**

रामतीरथ सिंघल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह और मोहित बेनीवाल शामिल हैं।

अपना दल एस से आशीष पटेल, रालोद से योगेश चौधरी और सुभासपा से विच्छेलाल राजभर ने नामांकन दाखिल किया।

**भाजपा से बेहद...**

उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर आला कमान से बातचीत चल रही है। इसको लेकर कार्यकर्ता काफी नाराज हैं तथा उन्हें शांत रहने के लिए कहा गया है। वे पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों से इसको लेकर बातचीत करेंगे।

डा. संजय निषाद सेक्टर-63 में नेक्जेन एनर्जिया कंपनी में एक कार्यक्रम के दौरान आए थे। इस दौरान कंपनी के प्रबंध निदेशक व भाजपा नेता पीयूष द्विवेदी से भी उन्होंने मुलाकात की। इसके बाद ड. संजय निषादा मीडिया से भी रूबरू हुए।

**फ्लावर शो में...**

रंग-बिरंगे फूलों को देखकर लोगों ने काफी आनंद उठाया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व फ्लोरीकल्चर सोसायटी की टीम ने प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। रविवार को प्रदर्शनी का समापन हो गया प्रदर्शनी में फूलों की खेती, विशेषज्ञों से तैयार पुष्प डिजाइन, लैंडस्कैपिंग, गमले एवं स्पॉट गार्डन की सजावट आकर्षण का केंद्र रही। पुष्प उत्सव-2024 में समर विला स्कूल, डीपीएस ग्रेटर नोएडा, कैंब्रिज स्कूल, शिव नादर यूनिवर्सिटी, बेनेट यूनिवर्सिटी, जेपी रिजॉर्ट की टीमों ने हिस्सा लिया था। पुष्प प्रदर्शनी में ओवरआल ट्राफी का किताब समरविला स्कूल ने जीता। जबकि दूसरे स्थान पर जेपी रिजॉर्ट एंड स्पा रहा बेस्ट सोसायटी गार्डन का पुरस्कार पूर्वांचल सिल्वर सिटी, बेस्ट यूनिवर्सिटी गार्डन का पुरस्कार बेनेट यूनिवर्सिटी, बेस्ट इंस्टीट्यूट गार्डन का पुरस्कार जिम्स, बेस्ट होटल गार्डन का पुरस्कार जेपी रिजॉर्ट तथा बेस्ट रेजिडेंशियल गार्डन का अवार्ड नंदिता सक्सेना को दिया गया।

**फसाड लाइटों...**

एक अंडरपास में पेंटिंग व फसाड लाइटें लगवाने पर करीब एक करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। ऐसे में पहले चरण में छह अंडरपास का सौंदर्यीकरण के लिए छह करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई है। इसके बाद अन्य अंडरपास व अन्य स्थानों पर फसाड लगाई जाएंगी।

**ठक-ठक गैंग के...**

में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरे बदमाश को कांबिंग के दौरान पकड़ा गया। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए बदमाश कार का शीशा तोड़कर सामान चोरी करने में माहिर हैं। पिछले दिनों नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कई गाड़ियों के शीशे तोड़े गये थे।

एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि रविवार देर रात सूचना मिली कि आम्रपाली जोडियक सोसायटी के पास कारों का शीशा तोड़कर चोरी करने वाले बदमाश आ सकते हैं। सूचना पर पुलिस ने वहां चेकिंग शुरू कर दी। तभी पुलिस ने एक बाइक सवार दो लोगों के रुकने क इशारा किया। इस पर आरोपियों ने बाइक दौड़ा दी। पुलिस की घेराबंदी होते देख आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरे बदमाश को कांबिंग के दौरान पकड़ा गया है। बदमाशों की पहचान घायल अमन पुत्र आर मुग्गन और अभिषेक कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी मदनगिरी दिल्ली के रूप में हुई है। इन बदमाशों ने पिछले दिनों जोडियक सोसायटी के पास 5 कारों के शीशे तोड़े थे। घायल अमन पर दिल्ली के पंजाबी बाग थाने में भी कई लूट व कार के शीशे तोड़ने के आरोप हैं।

एडीसीपी ने बताया क इनके पास से दो लैपटाप, एक तमंचा, एक कारतूस, एक चाकू और दिल्ली से चोरी की गई टीवीएस बाइक बरामद की है। एडीसीपी ने बताया कि आरोपी चोरी की बाइक से कारों के शीशे तोड़कर कीमती सामान चोरी करते थे।



# सांसद ने किया एक मूर्ति चौराहे पर एफओबी का शुभारंभ





**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा एवं दादरी विधायक तेजपाल नागर ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट एक मूर्ति चौराहे के पास ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहयोग एवं बालाजी सॉल्यूशन द्वारा बनाया गया पहला फुट ओवर ब्रिज का उदघाटन किया गया। यह प्रोजेक्ट बीओटी के आधार पर बनाया गया है। इस मौके पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीमती सांई लक्ष्मी, संजय अदलख्खा एवं शिवम उपस्थित रहे। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान दादरी विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य किये जा रहे है उनमे से यह भी एक विकास कार्य है। उन्होंने कहा कि सांसद को भारी मतों से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजेंगे और मोदी जी को 400 पार मिशन को पूर्ण करेंगें। सांसद डा.महेश शर्मा ने वहां उपस्थित सभी का आभार प्रकट किया और कहा कि यह फुट ओवर ब्रिज से जनता को लाभ होगा वहां के लोगों को रोड पार करने में कठिनाइयों का सामना करना पडता था अब वह आसानी से रोड को पार कर सकेंगें।

डा. महेश शर्मा, माननीय सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार ने ''सांसद आपके द्वार'' कार्यक्रमों के दौरान दादरी विधानसभा के आईसीटी एजेंसी पार्क, सेवर ग्रीन आर्क, लॉ रेसिडेंशियल, स्टेलर जीवन, विक्ट्री वन सेन्ट्रल, अरिहंत अबोड, एक मूर्ति चौक, एनएसजी सोसायटी, फाई–3, स्वर्ण नगरी, एनएफएल सोसाइटी, गेल सोसाइटी, रेल विहार, पाम कोर्ट एवं एम ब्लॉक डेल्टा–3, ग्रेटर नोएडा का भ्रमण कर सेक्टरवासियों की समस्याओं सुना कार्यक्रम के क्रम में गैलेक्सी वेगा सोसाइटी के ग्रीन बेल्ट में धनराशि 17.48 लाख रू से बनने वाले फुटपाथ का शिलान्यास किया।

'सांसद आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान संजय बाली, संजय प्रतिनिधि, बलराज भाटी, जैनेन्द्र चौरसिया, दीपक यादव, मुकेश चौहान, संदीप शर्मा, रोहन गुप्ता, संगीता तिवारी, आशीष दुबे, देव मिश्रा, गौरव पटेल, संतोष झा, सुमित बसैया, अनुपम दुबे समेत काफी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

# महिला के सम्मान के बिना भगवान भी खुश नहीं होते : साध्वी अनिमाश्री



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर 40 स्थित बोथरा भवन में साध्वी अनिमा श्री के सानिध्य में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तेरापंथ महिला मंडल के द्वारा गीतिका के माध्यम से और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं का संसार में वर्चस्व दिखाया गया।

साध्वी श्री श्री ने कहा कि संसार बिना महिलाओं के नहीं चल सकता। यदि आप नौ देवियों की पूजा करते हैं, आप नवरात्र करते हैं, महालक्ष्मी को मानते हैं और यदि आप अपने घर में अपने समाज में स्त्री का सम्मान नहीं करते हैं तो वो सब बेकार है। बिना महिला के सम्मान के भगवान भी ख़ुश नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति स्वरूपा है। आज नारी समाज से क़दम से क़दम मिलाते हुई हर कार्य में बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। एक माँ के रूप में एक बेटी के रूप में एक बहन के रूप में एक पत्नी के रूप में एक महिला समाज को अपना सर्वस्व दे रही है ।

डॉ. साध्वी श्री सुधा प्रभा ने कहा कि नारी गुणों का ख़ान है ,आनंद और उल्लास की बहती हुई गंगा है , अनुकूल और प्रतिकूलता के तटों के बीच बहने वाली धारा का नाम है नारी , नारी धरती कविता है नारी धरती की शान है। उन्होंने आगे फ़रमाया कि बिन नारी के इस संसार की सरंचना की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जैन समाज द्वारा डॉक्टर आरती कोचर को प्रेरणा सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा 2023 में किए गए कार्यों के लिए नोएडा महिला मंडल को प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने विशेष सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभा के अध्यक्ष रणधीर बेद तेरापंथ महिला मंडल के अध्यक्ष सुमन सपानी बजरंग बोथरा प्रशन सुराणा दिलीप कुंडलिया मुकेश जैन सुरेन्द्र बेद कनिष् बेद नितिन जैन शांति लाल रजत बोथरा अर्चना भंडारी कविता लोढ़ा दीपिका चौराड़िआ भारती दुग्गड व अन्य जैन धर्म के अनुयायी सम्मिलित हुए।

# अल्पसंख्यकों का शोषण कर रही भाजपा : सिद्दकी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की एक समीक्षा बैठक सूरजपुर स्थित समाजवादी पार्टी




जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव एवं मेरठ मंडल प्रभारी अकरम सिद्दकी मुख्य अतिथि तथा प्रदेश सचिव एवं गौतमबुधनगर के प्रभारी नदीम हुसैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अकरम सिद्दकी ने कहा कि वर्तमान देश व प्रदेश की सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों का लगातार शोषण किया जा रहा है। सबका साथ,सबका विकास का नारा देने वाली यह सरकार केवल पूंजीपतियों के विकास करने में लगी हुई है। समाजवादी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अल्पसंख्यकों को उनका हक देने के साथ ही सम्मान देने का कार्य करती है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा अल्पसंख्यकों के हकों के लिए संघर्ष किया और उनकी सामाजिक लड़ाई को आगे बढ़कर लड़ा है। भाजपा सरकार में लगातार पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हुए है। सरकार उन्हें सामाजिक न्याय और सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

इस मौके पर प्रदेश सचिव नदीम हुसैन ने कहा कि भाजपा एक धोखेबाज पार्टी है, वह जनता को गुमराह करके एवं झांसा देकर वोट हासिल करती है और सत्ता में आने के बाद जनता के शोषण में लग जाती है।

इस अवसर पर मुख्य रूप समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष अकबर खान सैफी, वरिष्ठ नेता यूनुस प्रधान, शादाब हुसैन, फिरोज सैफी, इनशाद चौधरी, अनीस अहमद बिसाडिया, जाकिर मुनिरी, जावेद आलम, राशिद सिद्दीकी ,उस्मान सैफी, यासीन सैफी,नसरुद्दीन, दानिश सैफी सलीम कुरैशी,इरशाद त्यागी आरिफ सैफी अमन सैफी अफजल सैफी फरियाद यूसुफ सिद्दीकीआदि मौजूद रहे।

# टैम्पो की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**जेवर ( चेतना मंच )।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सहाबनगर में बीती रात जेवर की ओर से गांव रामपुर की ओर जा रहे अज्ञात टेम्पो चालक ने सामने से बाईक सवार में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल होकर खाई में गिर गया। शोर–शराबे की आवाज पर पहुंचे ग्रामीण बाइक सवार को लहुलुहान व बेहोशी की अवस्था में लेकर जेवर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



गांव सहाबनगर निवासी जगदीश का पुत्र विजय उर्फ कलूआ 32 वर्ष रात करीब साढ़े नौ बजे अपने गांव सहाबनगर से अपनी पत्नि को लेने जिला अलीगढ़ के गांव किशनगढ़ बाईक लेकर जा रहा था। गांव से निकलते ही जेवर रामपुर मार्ग पर गांव सहाबनगर के समीप बेकाबू टेम्पो चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाईक के परखच्चे उड़ गये और बाईक सवार विजय उर्फ कलूआ गंभीर रूप से घायल हो खाई में जा गिरा। हादसे के बाद अज्ञात टेम्पो चालक घटनास्थल से टेम्पो लेकर फरार हो गया। गंभीर अवस्था में ग्रामीण कलूआ को लेकर जेवर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख–पुकार मच गई है। सूचना पर पहुंची जेवर कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

घटना की तहरीर मृतक के भाई कुंवरपाल ने अज्ञात टेम्पो चालक के खिलाफ जेवर कोतवाली पुलिस को दी है।

